इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

पैसे बीमारी ठीक होने के बाद
उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, मोटापा, लकवा, संतान न होना, नौजवानों की शारीरिक कमजोरी, धातु रोग, शीघ्र पतन, ईन्द्रीयों की समस्या, शुक्राणु की कमी, टायमिंग की कमी एवं गुप्त रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है। मनचाही शक्ति सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें।
तुलसी आयुर्वेदिक
चौरसिया कॉम्प्लेक्स (मस्जिद के सामने) गुड़ाखू लाईन, शॉप नं.-4, राजनांदगांव
मो.नं.-7566609039
हर दिन सु. 10 बजे से शाम 7 बजे तक



# नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया, शपथग्रहण के लिए मिला निमंत्रण

नई दिल्ली। एनडीए के नेता नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश कर दिया है। नरेंद्र मोदी नेराष्ट्रपति को सांसदों का समर्थन पत्र भी सौंपा। इसके बाद राष्ट्रपति ने एनडीए संसदीय दल के नेता नरेंद्र मोदी को सरकार बनाने का निमंत्रण दिया है। 9 जून को नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे।



### विकास कार्य आगे बढ़ाने का दावा

राष्ट्रपति से मिलने के बाद नरेंद्र मोदी ने कहा कि एनडीए सरकार को तीसरी बार देश की सेवा करने का देशवासियों ने आदेश दिया है। ये अवसर देने के लिए मैं देशवासियों का एक बार फिर हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। मैं देशवासियों को यह विश्वास दिलाता हूं पिछले दो कार्यकाल में जिस गति से देश आगे बढ़ा उससे भी तेज गति से विकास कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार देश के सपनों को पूरा करने का काम करेगी। उन्होंने कि देश की आशा-आकांशाओं को पूरा करने में कोई कमी नहीं रहेगी।

### युवा ऊर्जा वाली है यह लोकसभा

उन्होंने कहा कि 18वीं लोकसभा एक प्रकार से नई ऊर्जा, युवा ऊर्जा और कुछ कर गुजरने के इरादे वाली लोकसभा है। आजादी के अमृत महोत्सव के बाद का यह पहला चुनाव है। यह वह 25 वर्ष है जो हमारे अमृत काल के 25 वर्ष है। तीसरी बार एनडीए सरकार को जनता ने देश की सेवा करने का मौका दिया है। मैं देश की जनता को विश्वास दिलाता हूं कि पिछले दो कार्यकाल में देश जिस तेजी से आगे बढ़ा है, हर क्षेत्र में बदलाव दिख रहा है और 25 करोड़ लोगों का गरीबी से बाहर निकलना हर भारतवासी के लिए गर्व का क्षण है।

### राष्ट्रपति ने मांगी मंत्रिमंडल के सदस्यों की सूची

नरेंद्र मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति ने हमें सरकार बनाने के लिए न्यौता दिया है। उन्होंने हमसे मंत्रिमंडल के सदस्यों को शपथ दिलाने के लिए लिस्ट भी मांगी है। हमने बताया है कि रविवार को शाम के समय शपथ लेने में उन्हें सुविधा रहेगी। राष्ट्रपति भवन बाकी ब्योरे पर काम करेगा और तब तक हम मंत्रिपरिषद की सूची राष्ट्रपति को सौंप देंगे। उसके बाद शपथ समारोह होगा।

# मोदी मंत्रिमंडल के लिए छत्तीसगढ़ के 5 सांसद दावेदार, चर्चा में ये दो बड़े नाम




रायपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कैबिनेट में छत्तीसगढ़ को भी प्रतिनिधित्व मिल सकता है। शुक्रवार को नई दिल्ली में संसदीय दल की बैठक में राज्य के सभी नवनिर्वाचित सांसद शामिल हुए। प्रधानमंत्री मोदी की तीसरी पारी में छत्तीसगढ़ से कई नेता केंद्रीय मंत्री व केंद्रीय राज्यमंत्री के लिए दावेदार हैं।

दावेदारों में साय कैबिनेट के शिक्षा मंत्री व अब रायपुर के सांसद बने बृजमोहन अग्रवाल, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के करीबी व दूसरी बार सांसद बने राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय, ओबीसी वर्ग का बड़ा चेहरा दुर्ग के सांसद विजय बघेल और महिलाओं में से महासमुंद सांसद रूप कुमारी चौधरी व जांजगीर-चांपा से एकमात्र एससी सीट से सांसद बनीं कमलेश जांगड़े दावेदार हैं।

### सामाजिक-जातिगत समीकरण साधने की होगी कोशिश

भाजपा प्रदेश की सामाजिक-जातिगत समीकरण साधने के लिए इन नामों पर विचार कर सकती है। पार्टी सूत्रों के अनुसार इनमें से किसी एक या दो को मोदी कैबिनेट में जगह मिल सकती है। राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव व विजय शर्मा भी दिल्ली में ही हैं। इसके साथ नव निर्वाचित सांसदों में बृजमोहन अग्रवाल, संतोष पांडेय, विजय बघेल, तोखन साहू, रूपकुमारी चौधरी, कमलेश जांगड़े, भोजराज नाग, महेश कश्यप, चिंतामणि महराज और राधेश्याम राठिया भी वहीं हैं। ये सभी नेता मोदी की शपथ समारोह में शामिल होने के बाद भी छत्तीसगढ़ लौटेंगे।

### साय के कैबिनेट में फेरबदल

मुख्यमंत्री साय के कैबिनेट में भी फेरबदल हो सकता है। वर्तमान मंत्रिमंडल में तीन मंत्रियों के परफार्मेंस से संगठन नाखुश है। ऐसे में कुछ मंत्रियों की कुर्सी भी जा सकती है। उनकी जगह नए चेहरों को मिल सकती है। साय कैबिनेट में अभी 12 मंत्री हैं और 13वां मंत्री भी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में सात नक्सली ढेर, कई घायल



रायपुर। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर दंतेवाड़ा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बल के जवानों ने 7 वर्दीधारी नक्सलियों को मार गिराया है। वहीं डीआरजी के तीन जवान घायल हुए हैं। बड़ी संख्या में नक्सलियों के घायल होने की भी खबर है। क्षेत्र में तलाशी अभियान जारी है।

जवानों की इस कामयाबी पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 'एक्स' पर पोस्ट कर लिखा है कि जवानों को मिली यह कामयाबी सराहनीय है। उनके अदम्य साहस को नमन करता हूं। श्री साय ने कहा है कि नक्सलवाद के खात्मे के लिए शुरू हुई हमारी लड़ाई अब अपने अंजाम तक पहुंचकर ही दम लेगी। इसके लिए हमारी सरकार कृत संकल्पित है।

# राहुल गांधी को दो हफ्ते के अंदर एक सीट से देना होगा इस्तीफा, जानिए इसपर क्या कहते हैं संविधान विशेषज्ञ

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों में जीती गई दो सीटों में से एक से दो सप्ताह के भीतर इस्तीफा देना होगा।



पूर्व लोकसभा महासचिव और संविधान विशेषज्ञ पीडीटी अचारी ने बताया कि जो भी उम्मीदवार दो सीटों से जीतता है, उसे चुनाव परिणाम के 14 दिनों के भीतर एक सीट छोड़नी पड़ती है। 17वीं लोकसभा के भंग होने के बाद भी गांधी मौजूदा अध्यक्ष ओम बिरला को अपना इस्तीफा भेज सकते हैं, क्योंकि 18वीं लोकसभा के लिए प्रोटेम स्पीकर नियुक्त होने तक वह पद पर बने रहेंगे।

### पांच जून को 17वीं लोकसभा भंग हो गई

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा नई लोकसभा के गठन के लिए सदन को भंग करने की केंद्रीय मंत्रिमंडल की सलाह स्वीकार करने के बाद पांच जून को 17वीं लोकसभा भंग हो गई है। आचारी ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# एनडीए के नेताओं से वन टू वन मीटिंग



### नई सरकार में सहयोगियों की कितनी चलेगी ?, मीटिंग के बाद किसकी लॉटरी लगेगी ?

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद एनडीए सरकार बनने जा रही है और नरेंद्र मोदी को इसका नेता भी चुन लिया गया है. रविवार (09 जून) को राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में शपथ ग्रहण समारोह होना है. उससे पहले बैठकों का दौर जारी है. एनडीए के नेता बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात करने के लिए उनके घर पहुंच चुके हैं. इसके साथ ही राजनाथ सिंह और अमित शाह भी बीजेपी चीफ के आवास पर पहुंचे हैं.

सूत्रों के मुताबिक, जेपी नड्डा, अमित शाह और राजनाथ सिंह के साथ एनडीए के घटक दल के नेता वन टू वन मीटिंग करेंगे. इस बैठक में अजित पवाल और प्रफुल्ल पटेल भी पहुंचे हैं. बैठक में शपथ ग्रहण से पहले मंत्रिमंडल की चर्चा हो सकती है. पीएम मोदी ने पुरानी संसद भवन के सेंट्रल हॉल में कहा भी था कि न्यूज चैनलों पर मंत्रिमंडल को लेकर तरह-तरह की खबरें चल रही हैं लेकिन किसी पता नहीं है कि कौन सा सांसद मंत्री बनने जा रहा है. कई लोग तो लोगों को झूठा दिलासा दे रहे हैं कि आपको मंत्री बनवा देंगे.

### नरेंद्र मोदी चुने गए नेता, 9 जून को लेंगे पीएम पद की शपथ

इससे पहले भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के सहयोगी दलों ने शुक्रवार को नरेंद्र मोदी को राष्ट्रपति जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) संसदीय दल के नेता के रूप में समर्थन दिया. इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पास एनडीए की सरकार बनाने का दावा पेश किया गया. इन सब के बीच नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरकार बनाने का दावा पेश कर दिया गया है और 9 जून की शाम को शपथ ग्रहण का कार्यक्रम राष्ट्रपति प्रांगण में रखा गया है.

राजनाथ सिंह ने पहले एनडीए संसदीय दल के नेता के रूप में मोदी के नाम का प्रस्ताव रखा. उनके सहयोगियों अमित शाह, नितिन गडकरी और एनडीए के शीर्ष नेताओं ने प्रस्ताव का समर्थन किया.

# सीटों की भविष्यवाणी अब नहीं करेंगे प्रशांत किशोर



इंदौर। लोकसभा चुनाव के परिणामों के बाद प्रशांत किशोर ने बड़ा एलान करते हुए कहा कि वह अब से सीटों पर भविष्यवाणी नहीं करेंगे। उन्होंने स्वीकार किया कि लोकसभा चुनाव के दौरान सीटों को लेकर की गई भविष्यवाणी में बहुत बड़ी चूक हुई है। प्रशांत किशोर ने कहा कि सीटों को लेकर किए गए पूर्वानुमान में उनसे गलती हुई है। वह इस गलती को स्वीकार भी करते हैं। वह देश की जनता से माफी मांगने को तैयार हैं। मैं इसके साथ ही यह एलान भी करता हूं कि अब से चुनावों में सीटों को लेकर कोई भी भविष्यवाणी नहीं करूंगा। इंटरव्यू में चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने कहा कि चुनाव के दौरान उन्होंने कई इंटरव्यू में सीटों को लेकर भविष्यवाणी की थी। उसमें मैं बुरी तरह चुका हूं, लेकिन मैं अकेला फेल हुआ हूं ऐसा नहीं है। मेरे जैसे कई पोलस्टर भी भविष्यवाणी में गलत साबित हुए हैं। प्रशांत किशोर ने पूछने पर बताया कि वह आगे से इस तरह की भविष्यवाणी नहीं करेंगे।

# 18वीं लोकसभा में 504 करोड़पति चुने गए: जनता ने नई लोकसभा में 251 क्रिमिनल्स चुन कर भेजे-ए.डी.आर.

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम आ गए हैं। भाजपा के नेतृत्व में एन.डी.ए. सतत् तीसरी मरतबे सरकार बनाने जा रही है। यद्यपि, भाजपा पूर्व की दो लोकसभा चुनावों के विपरीत बहुमत के आंकड़ों से बहुत दूर है। 240 बैठकों पर ही उन्हें संतोष करना पड़ा है। एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्म्स की रिपोर्ट में विस्फोट हुआ है कि जनता ने इस चुनाव में 251 क्रिमिनल्स और 504 करोड़पतियों को चुन कर भेजा है।



### नई संसद में 170 सांसदों के सामने हत्या, बलात्कार सहित के गंभीर आपराधिक केसेज

एसोसिएसन फार डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (ए.डी.आर.) ने 2024 की लोकसभा चुनाव जीतने वाले 543 विजेता उम्मीदवारों के शपथ पत्रों का विश्लेषण कर के एक रिपोर्ट तैयार गई है। ए.डी.आर. ने बताया है कि 18 वीं लोकसभा चुनाव में नए चुने गए 543 सदस्यों में से 46 फीसदी याने कि 251 सांसदों के सामने क्रिमिनल केसेज दर्ज हैं। इन केसेज के साथ स्वतंत्र भारत में अभी तक इस लोकसभा में आपराधिक पृष्ठभूमि रखने वाले सर्वाधिक प्रत्याशी चुन कर आए हैं।

हत्या, हत्या का प्रयास, महिलाओं के विरूद्ध अपराध और नफरत भरे भाषणों से संबंधित भाषणों के आरोप 251 में से 170 क्रिमिनल्स पर गंभीर केस हैं। इसी प्रकार, इस लोकसभा में 543 में से 93 फीसदी याने कि 504 विजेता उम्मीदवार करोड़पति हैं। सर्वाधिक 227 करोड़पति विजेता सांसद भाजपा के हैं। दूसरे क्रम में कांग्रेस है, जिनमें 92 सांसदगण करोड़पति हैं। चुनावी शपथ-पत्र में इन उम्मीदवारों के पास एक करोड़ से अधिक सम्पत्ति है। लोकसभा चुनाव के प्रत्येक विजेता उम्मीदवार के पास अनुमानित 46.34 करोड़ की सम्पत्ति है।

# छत्तीसगढ़ में आठ जून को प्रवेश करेगा मानसून, बस्तर में बारिश के आसार



रायपुर। दक्षिण पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने की रफ्तार बनी हुई है और इसके लिए परिस्थितियां भी अनुकूल है। मौसम विभाग का कहना है कि आज बस्तर क्षेत्र में बारिश के आसार है। साथ ही कुछ क्षेत्रों में अंधड़ के साथ बिजली भी गिर सकती है। वहीं आठ जून तक बस्तर के रास्ते मानसून के छत्तीसगढ़ प्रवेश की भी संभावना है।

साथ ही रायपुर में भी 11 जून तक मानसून प्रवेश कर सकता है। आने वाले पांच दिनों में प्रदेश में अधिकतम तापमान में कोई विशेष बदलाव की उम्मीद नहीं है। बुधवार को प्रदेश भर में मुंगेली सर्वाधिक गर्म रही, एडब्ल्यूएस मुंगेली का अधिकतम तापमान 43.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बुधवार को रायपुर सहित छत्तीसगढ़ का मौसम शुष्क रहा। कुछ क्षेत्रों में आंशिक रूप से बादल छाने के साथ ही हल्की बारिश भी हुई। बादल छाने व ठंडी हवाओं के चलने से अब गर्मी से थोड़ी राहत मिलने लगी है। रायपुर का अधिकतम तापमान 41.0 डिग्री और न्यूनतम 27.1 डिग्री दर्ज किया गया। रायपुर का अधिकतम तापमान समान्य से 0.3 डिग्री ज्यादा और न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.1 डिग्री कम रहा। बिलासपुर का अधिकतम तापमान 37.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 6.2 डिग्री सेल्सियस कम रहा। इसी प्रकार जगदलपुर व दुर्ग में भी अधिकतम तापमान सामान्य से कम रहा। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# लोकसभा मतगणना के दिन शेयर बाजार में गिरावट पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका

नई दिल्ली। लोकसभा 2024 के चुनावों की मतगणना के दिन चार जून को शेयर बाजार में अचानक आई गिरावट और निवेशकों के भारी नुकसान पर विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करने का केंद्र सरकार और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) को निर्देश देने की मांग करते एक याचिका उच्चतम न्यायालय में दाखिल की गई है।



अधिवक्ता विशाल तिवारी ने अपनी याचिका में कहा है कि लोकसभा चुनाव 2024 के परिणामों के बाद शेयर बाजार में एक और बड़ी गिरावट देखी गई। याचिकाकर्ता ने कहा, शेयर बाजार में फिर से अस्थिरता देखने को मिली है। समाचार रिपोर्टों के अनुसार, नुकसान 20 लाख करोड़ रुपये का था। इससे फिर से नियामक तंत्र पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है... इस अदालत के निर्देश के बावजूद कुछ भी नहीं बदला है। याचिका में कहा गया है कि लोकसभा पर एग्जिट पोल की घोषणा के बाद शेयर बाजार में उछाल आया, लेकिन जब वास्तविक परिणाम घोषित किए गए तो बाजार में गिरावट आई। इस वजह से नियामक प्राधिकरण और उसके तंत्र पर सवाल उठे हैं। गौरतलब है कि कांग्रेस सांसद और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 6 जून को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा किया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह देश के कथित तौर पर सबसे बड़े शेयर बाजार घोटाले÷ में सीधे तौर पर शामिल थे, जिसमें खुदरा निवेशकों ने 30 लाख करोड़ रुपये गंवाए।

श्री गांधी ने इसे एक आपराधिक कृत्य करार देते हुए इसकी संयुक्त संसदीय समिति द्वारा जांच की मांग की थी। शीर्ष अदालत से केंद्र सरकार और सेबी को निर्देश देने की मांग की गई है कि वे 3 जनवरी 2024 को दिए गए अदालती निर्देशों पर स्थिति रिपोर्ट पेश करें, जिसमें अडानी समूह की कंपनियों पर हिंडनबर्ग रिपोर्ट से संबंधित जनहित याचिका पर न्यायमूर्ति ए एम सप्रे की अध्यक्षता वाली विशेषज्ञ समिति के सुझाव पर विचार किया गया था। अदालत ने तब श्री तिवारी और अन्य की याचिका पर कई निर्देश जारी किए थे।

# भूपेश बघेल ने कहा- एक साल के भीतर हो सकता है मध्यावधि चुनाव, भाजपा ने कसा व्यंग



रायपुर। लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजनीतिक बयानबाजी शुरू कर दी है। बघेल ने सोशल मीडिया एक्स पोस्ट पर लिखा कि कार्यकर्ता तैयार रहें, छह महीने से लेकर एक साल के भीतर मध्यावधि चुनाव हो सकता है। फड़नवीस इस्तीफा दे रहे हैं। योगी जी की कुर्सी डोल रही है। जदयू प्रवक्ता अग्निवीर योजना रद करने व जातिगत जनगणना की बात कर रहे हैं।

### पीसीसी चीफ बदले जाने पर बोले- बघेल

इधर कांग्रेस की 10 सीटों में हार के बाद नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बदलने के सवाल पर कहा कि दीपक बैज लोकसभा सीट छोड़कर कांग्रेस की सेवा में लगे थे। नौजवान होने के कारण हर क्षेत्र में उन्होंने दौरा किया। दीपक बैज ने आदिवासी क्षेत्रों में जाकर पार्टी के पक्ष में प्रचार किया। उन्हें क्यों सजा देना चाहते हैं? पीसीसी चीफ बदले जाने के सवाल पर नेता प्रतिपक्ष ने साफ कर दिया कि उन्होंने बेहतर काम किया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ट्वीट पर भाजपा ने तंज कसा है। भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक शिवरतन शर्मा ने कहा कि देश में लोकतंत्र है। लोकतांत्रिक राष्ट्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है। भूपेश बघेल जागते हुए सपना देखते हैं तो अच्छी बात है, सपना देखते हुए जीएं। भारतीय जनता पार्टी की सरकार पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी, दमदारी के साथ राष्ट्रहित में जो निर्णय लेना पड़ेगा, निर्णय लेकर देश का विकास करेगी।

# फ्लाई ओव्हर के नीचे महावीर चौक से गुरुद्वारा चौक तक सुचारू पार्किंग के लिये आयुक्त ने कर्मचारियों को सौंपा दायित्व

राजनांदगांव (दावा)। जी.ई.रोड फ्लाई ओव्हर के नीचे साफ सुथरा कर व्यवस्थित रखने एवं सु-व्यवस्थित पार्किंग के लिये नगर निगम तथा यातायात की टीम सुनियोजित अभियान चलाकर बेतरतीब खडे वाहनो तथा अव्यवस्थित रखे ठेला खोमचा को हटाया गया तथा महावीर चौक से गुरूद्वारा चौक तक सुचारू पार्किंग के लिये आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने कर्मचारियों को दो पालियों में दायित्व सौपा है। उक्त कर्मचारी प्रातः 8:30 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक दोपहर 3:30 बजे से रात्रि 9:30 बजे तक दो पालियो में दो पहिया, चार पहिया वाहन तथा माल वाहक की नियमानुसार पार्किंग करेगे।




उल्लेखनीय है कि जी.ई.रोड फ्लाई ओव्हर के नीचे पूर्व वर्षो में नगर निगम द्वारा साफ सुथरा कर सौदर्यीकरण किया गया था तथा शहर आने वाले लोगों व शहर के अंदर मार्केटिंग हेतु आने जाने वाले लोगों के लिये सुगम पार्किंग करने प्रक्रिया की गयी थी, किन्तु बेतरतीब खडे वाहनो तथा अव्यवस्थित रखे ठेला खोमचा के कारण फ्लाई ओव्हर के नीचे साफ सफाई नहीं हो पाई और वहा गंदगी व्याप्त हो गयी। जिसे ध्यान में रखकर फ्लाई ओव्हर के नीचे के गाडी एवं ठेला खोमचा हटाये गये और आज से आयुक्त श्री गुप्ता के निर्देश पर राजस्व अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल के नेतृत्व में राजस्व विभाग के कर्मचारी निगम द्वारा निर्धारित दर पर दो पालियों में महावीर चौक से गुरूद्वारा चौक तक सुचारू पार्किंग व्यवस्था का संपादन करेंगे।

राजस्व अधिकारी श्री अग्रवाल ने बताया कि 6 घण्टे की दर से दो पहिया वाहन 10 रूपये, 6 घण्टे से अधिक होने पर 20 रूपये पार्किंग शुल्क लिया जावेगा। इसी प्रकार चार पहिया वाहन सवारी 20 रूपये, 6 घण्टे से अधिक होने पर 50 रूपये तथा चार पहिया वाहन माल वाहक 50 रूपये एवं 6 घण्टे से अधिक होने पर 100 रूपये पार्किंग दर निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि पार्किंग शुल्क प्रातः 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक प्रभावशिल रहेगा, रात्रि 9 बजे के पूर्व वाहन ले जाना अनिवार्य होगा। उन्होंने सुगम यातायात एवं अपने वाहनों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर फ्लाई ओव्हर के नीचे वाहन पार्क कर सहयोग करने की अपील की है।

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 39 वाहन चालकों पर जुर्माना

राजनांदगांव (दावा)। यातायात पुलिस ने शुक्रवार को यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले 39 वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना किया गया।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक शहर राहुल देव शर्मा, अति. पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन मुकेश ठाकुर के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार खेस, नवरतन कश्यप सउनि येनलाल चन्द्राकर, कुंजलाल साहू, कमल किशोर श्रीवास्तव, थानेश्वर प्रसाद बांधव, शरद मसीह एवं यातायात टीम द्वारा शहर के अम्बेडकर चौक से फुरसत के पल, कविता काम्पलेक्स, रेस्ट हाउस तक पेट्रोलिंग कर बेतरतीब तरीके से




नो पार्किंग में खड़े वाहन, दुपहिया वाहन में 03 सवारी, मालवाहन में सवारी बिठाना, चारपहिया वाहनों में बिना सीट बेल्ट लगाये मोबाईल उपयोग करने वाले कुल 39 वाहन चालकों पर चालानी कार्यवाही की और उनसे 13400 रूपये जुर्माना वसूला गया। बताया गया कि यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

यातायात पुलिस ने आम जन से अपील की है कि वे अपने वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही पार्किंग करें। दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाये एवं तीन सवारी न चलें, चारपहिया वाहन चलाते समय सीट लगाये, वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग न करें। यातायात व्यवस्था बनाये रखने में यातायात पुलिस का सहयोग करें, यातायात नियमों का पालन करे एवं सुरक्षित रहें।

## पहला कॉलम...

### ढाबा धान खरीदी केंद्र को परिवर्तित करने जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष बघेल को किसानों ने ज्ञापन सौपा



राजनांदगांव(दावा)। ढाबा सोसायटी का धान खरीदी केंद्र मे ग्राम डिलापहरि ,बागतराई ,धर्मापुर , बरगाही ,बजरंगपुर नवागाँव ,पुराना ढाबा, नया ढाबा ,बाबुटोला एवं मोतीपुर आता है जिसका धान खरीदी केंद्र मोहारा शिवनाथ नदी के समीप है जो की इन ग्रामो के किसानो के लिए दूरी अधिक है एवं अंडरब्रिज नेशनलन हाइवे रोड पारकर जाने मे परेशानी का सामना करना पड़ता है।

इन समस्याओ को लेकर आज ढाबा सोसायटी के अंतर्गत आने वाले 8 से 10 गाँवों के किसानों ने पूर्व सांसद मधुसूदन यादव के मार्गदर्शन में जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल से मिलकर ढाबा सोसायटी के धान केंद्र को धर्मापुर मे परिवर्तीत करने आवेदन सौपा किसानो ने बताया की धर्मापुर मे धान खरीदी के लिए पर्याप्त जमीन भी है धर्मापुर मे धान खरीदी केंद्र होने से आठ से दस ग्रामो के किसानो को सुविधा प्राप्त होगी किसानो ने बघेल से अतिशीघ्र जमीन का मुआयना कराकर धान खरीदी केंद्र को परिवर्तित करने की मांग की समस्या को देखते हुए सहकारी बैंक अध्ययक्ष सचिन बघेल जी ने अतिशीघ्र समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। आवेदन सौपने वालो मे प्रमुख रूप से राहुल चौबे, प्रेम वर्मा, प्रभु देवांगन, पवन भारद्वाज, चंदू वर्मा, राधेश्याम यादव, योगेश साहू, नोहर लाल साहू ,अनिल साहू , बिशनाथ साहू, लेखचंद साहू, मोरध्वज देवांगन, उमराव साहू, आदि थे।

### सिंगदई में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु 14 जून तक आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम राजनांदगांव क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 50 सिंगदई अंतर्गत नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु 14 जून 2024 तक कार्यालय कलेक्टर (खाद्य शाखा) राजनांदगांव में आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किया गया है। शासकीय उचित मूल्य दुकान आबंटन की प्रक्रिया छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के तहत की जाएगी। नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए इच्छुक वृहत्ताकार आदिम जाति बहुउद्देशीय सहकारी समिति (लेम्पस), प्राथमिक कृषि साख समिति, वन सुरक्षा समिति, महिला स्वसहायता समूह, अन्य उपभोक्ता सहकारी समिति निर्धारित तिथि तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

### निष्प्रयोज्य एवं अन्य सामग्री की नीलामी 20 जून को

राजनांदगांव (दावा)। कार्यालय जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी राजनांदगांव की निष्प्रयोज्य घोषित भण्डार सामग्री की नीलामी गुरूवार 20 जून 2024 को सुबह 11 बजे होमगार्ड कार्यालय पुराना ढाबा राजनांदगांव में किया जाएगा। इच्छुक खरीददार नीलामी तिथि के एक दिन पूर्व कार्यालयीन समय में नीलामी की जाने वाली सामग्री का अवलोकन कर सकते है।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
भीड़भरा शानदार तीसरा सप्ताह रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
पारिवारिक, एक्शन एवं गीत संगीत से भरपूर
सतीश जैन कृत
मोर छंइया भुंईया-2
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल, दीपक साहू, एल्सा घोष, पुष्पेन्द्र सिंह, नितिन ग्वाला, क्रांति दीक्षित, धर्मेन्द्र चौबे आदि


ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
07th June to 13th June 2024
silver SCREEN


Mor Chhainha Bhuinya 2 (C.G)- 12:00, 03:00, 06:00 and 09:00 pm
Bad Boys Ride or Die (Hindi) - 12:30 pm
Munjya - 03:30, 06:30 & 09:30 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# लर्निंग आउटकम पर फोकस करें शिक्षक





## डॉ. जेबी सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुई वर्कशॉप

राजनांदगांव (दावा)। आधुनिक शैक्षणिक नवाचारों के लिए प्रसिद्ध डॉ जेबी सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में क्षेत्र के शिक्षकों को आधुनिक तरीकों से अवगत कराने के लिए सीबीएसई द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें जिले भर के आठ निजी स्कूलों के

56 शिक्षकों ने भाग लिया और सीबीएसई द्वारा कार्यान्वित किए जा रहे नवाचारों को अपने विद्यालयों में लागू करने की अपनी प्रतिबद्धता दिखाई ।वेसलियन हायर सेकेंडरी स्कूल, नीरज पब्लिक स्कूल, नीरज वाजपेई इंटरनेशनल स्कूल , जेएलएम गायत्री विद्यापीठ , डॉ जे बी सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खालसा पब्लिक स्कूल डोंगरगढ़, माइलस्टोन पब्लिक स्कूल खैरागढ़, दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव , अजीज पब्लिक स्कूल राजनांदगांव जैसे विद्यालयों ने सीबीएसई के नवाचारों के बारे में जागरूकता दिखाते हुए इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में भाग लिया।

शिक्षकों ने बताया कि यह कार्यशाला बहुत उपयोगी रही, जिसमें कक्षा में कालखंड के प्रत्येक मिनट की उपयोगिता पर चर्चा की गई। रिसोर्स पर्सन अनुराग गुलाल, प्राचार्य केपीएस रायपुर और अजीत स्कॉट, प्राचार्य वैसलीयन हायर सेकेंडरी स्कूल राजनांदगांव ने पूरे कार्यक्रम के दौरान समान ऊर्जा और समर्पण के साथ सीखने का माहौल बनाये रखा। कक्षा में सिर्फ अच्छा पढ़ाने से ही शैक्षणिक उद्देश्यों की पूर्ति नहीं हो जाती, बल्कि एक अच्छा शिक्षक यह सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक विद्यार्थी के ग्राह्यता ग्राफ में धनात्मक आरोह हो। इस अवसर पर प्रबंधक गण संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादूर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, श्रीमती एकता खण्डेलवाल प्राचार्या, आई के वैष्णव बरसर, गोपाल साहू प्राचार्य ने नीट 2024 की परीक्षा में 99.77 परसेंटाइल के साथ जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर रॉयल किड्स कान्वेंट की छात्रा चंचल देवांगन का सम्मान किया गया ।शाला में समर्पण भाव से कार्य करने हेतु अजय बिसेन एवं श्रीमती किरण बिसेन को 1000 की राशि नगद प्रदान कर सम्मानित, प्रोत्साहित एवं पुरस्कृत किया गया। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्षा डॉ सविता जेबी सिंह एवं उपाध्यक्ष अशोक चौधरी ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन करने वालों पर की जा रही कड़ी कार्रवाई

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि जिले में वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक खनिज अमलों के द्वारा खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते हुए वाहन, खनिज रेत के 1 प्रकरण, खनिज-मुरूम के 3 प्रकरण, खनिज ईट मिट्टी के 1 प्रकरण, खनिज चूना पत्थर के 2 प्रकरण कुल 7 प्रकरण तथा अवैध उत्खनन करते हुए खनिज मुरूम के 1 प्रकरण दर्ज किया गया है। प्रकरणों पर अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर शाला परिसर में किया गया पौधरोपण

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न स्कूलों में स्काउट्स-गाइड्स द्वारा पौधरोपण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट अभय कुमार जायसवाल ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शाला परिसर में नीम, आम, पीपल, बरगद के पौधे लगाकर पर्यावरण एवं संतुलन का संदेश दिया गया। जिसमें राजनांदगांव विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भानपुरी, ठाकुर प्यारेलाल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कन्हारपुरी, संकुल केन्द्र कन्हारपुरी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पदुमतरा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सुरगी में पौधरोपण किया गया।

इसी तरह डोंगरगढ़ विकासखंड अंतर्गत कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगढ़ परिसर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला चारभाठा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मुरमुन्दा, नगर पालिका परिषद विकासखंड एवं छुरिया विकासखंड अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला साल्हे में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी पदेन सहायक जिला आयुक्त गाइड श्रीमती वीरेन्द्र कौर गरचा, प्राचार्य पदेन ग्रुप लीडर स्काउट-गाइड श्रीमती विनोद, श्रीमती संगीता खोब्रागढ़े, भूषण साव, श्रीमती संध्या किरण मिंज, सुश्री शैलजा मसीह, श्रीमती नंदा मेश्राम सहित स्काउट गाईड रोवर रेंजर स्काउटर गाइडर शिक्षक-शिक्षिका जीपी नेताम, श्री राजाराम देवांगन, नीरेन्द्र नीलम साहू, साकिर खान, मिलिंद मुदलियार, श्रीमती सरिता साहू, सुश्री अंजली वैद्य, श्रीमती भारती रजक, राकेश भावते, श्रीमती नीलिमा ढोमने, सुश्री सुनीता चंद्राकर, डेहर साहू सहित स्काउट गाइड ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# लोकसभा चुनाव में राजनांदगांव विधानसभा की ऐतिहासिक जीत -मनोज निर्वाणी

**भूपेश का विरोध और रमन की सरलता के कारण नांदगांव से ऐतिहासिक जीत झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ बधाई देने पहुंचा विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह जी को**



राजनंदगांव (दावा)। जिला भारतीय जनता पार्टी झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनोज निर्वाणी ने कहा कि राजनांदगांव लोकसभा चुनाव का परिणाम यह बताता है कि किस प्रकार 5 साल एडीबी कार्यालय को संगीत विश्वविद्यालय को भूपेश बघेल ने राजनांदगांव से सौतेला व्यवहार किया राजनांदगांव विधानसभा की जनता ने वोट के माध्यम से पूरे 8 विधानसभा में सर्वाधिक 57000 से अधिक वोटो से भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे को प्रचंड मतों से विजय दिलाने में बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई राजनांदगांव विधायक विधानसभा अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह जी को जनता ने खूब प्यार दिया जिसका परिणाम राजनांदगांव विधानसभा की जनता ने 57000 से अधिक वोटो से लोकसभा प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष में मतदान किया और भूपेश बघेल को चारों खाने चित कर दिया जिला भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं पदाधिकारी ने रायपुर पहुंचकर डॉक्टर रमन सिंह जी को अनेक अनेक बधाई शुभकामनाएं दी जिसमें देवशरण सना जिला भाजपा के संयोजक मनोज निर्वाणी अनिल नागवंशी ठुग्ग साहू प्रमोद साहू राजेश यादव कृष्णा तिवारी दीपेश शिंदे रजत वैष्णव तुमेश गौरव सोनबॉयर सुखप्रीत गुप्ता गुप्ता प्रिंस भाटिया विनोद श्री रंगे मुकेश ध्रुव चेतन यादव अनंत बिहारी नागवंशी अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे

# प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए प्राक्कयन परीक्षा रविवार 9 जून को

राजनांदगांव (दावा)। आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में वर्ष 2024-25 में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए प्राक्कयन परीक्षा रविवार 9 जून 2024 को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक जिला मुख्यालय राजनांदगांव के 6 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी।




**जिला मुख्यालय राजनांदगांव में बनाए गए 6 परीक्षा केन्द्र**

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेण्ड्री में रोल नंबर 1911001 से रोल नंबर 1911300 तक कुल 300, ठाकुर प्यारेलाल सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव में रोल नंबर 1912001 से रोल नंबर 1912300 तक कुल 300, जेएमजे नवजीवन स्कूल राजनांदगांव में रोल नंबर 1913001 से रोल नंबर 1913300 तक कुल 300, देवानंद जैन स्कूल वर्धमान नगर राजनांदगांव में रोल नंबर 1914001 से रोल नंबर 1914300 तक कुल 300, गुजराती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव में में रोल नंबर 1915001 से रोल नंबर 1915200 तक कुल 200 तथा बाल भारती स्कूल बल्देवबाग राजनांदगांव में में रोल नंबर 1916001 से रोल नंबर 1916150 तक कुल 150 परीक्षार्थियों की बैठने की व्यवस्था की गई है। परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थी अपना प्रवेश पत्र एकलव्य की वेबसाईट https://eklavya.cg.nic.in में लॉगिन कर आवेदन क्रमांक एवं पालक के मोबाईल नंबर से डॉउनलोड कर सकते है। इसके अतिरिक्त विद्यार्थी कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास राजनांदगांव से कार्यालयीन समय में प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते है।

**छ.ग. गृह निर्माण मंडल, वृत्त -दुर्ग**

**प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना विज्ञापन क्रं. 08**

छ.ग.गृह निर्माण मण्डल, वृत्त-दुर्ग अंतर्गत -1. निक्षेप कार्य अंतर्गत ग्राम- पेंदाकोड़ो, जिला मोहला, मानपुर अं-चौकी में हाईस्कूल नवीन भवन निर्माण कार्य हेतु प्रपत्र-एफ में राशि रू. 116.25 लाख 2.मार्री बंगला देवरी, जिला-बालोद में नवीन तहसीलों में कार्यालय भवन निर्माण कार्य हेतु प्रपत्र- 'एफ' में राशि रू. 63.899 लाख। 3. इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में ग्रंथालय विस्तार अंतर्गत शेष कार्य हेतु प्रपत्र-'अ' में रू. 23.73 लाख की ऑनलाईन निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है विवरण मण्डल वेबसाईट ऑनलाईन निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित है। विवरण मण्डल वेबसाईट www.cghb.gov.inएवं http://eproc.cgstate.gov.in में उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता, संभाग राजनांदगांव/धमतरी/कवर्धा के मो. नं. 81091-35551, 77718-05020, 92242-84256 पर सम्पर्क करें।

संवाद- 40290/1 उपायुक्त

मकान नहीं घर बनाते हैं-पीढ़ी से पीढ़ियों का रिश्ता बुनते हैं

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
4-7-8
269-7 390-2
राजधानी
3-5-9
168-5 267-5

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव जिला-राजनांदगांव, छत्तीसगढ़**

**ईश्तहार**

क्रं. /प्रवा.-3/अ.वि.अ./2024
राजनांदगांव दिनांक 22/05/2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गिरीश ठक्कर पिता बृजलाल ठक्कर, निवासी- पुराना अस्पताल रोड, जमातपारा, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम गातापार, पटवारी हल्का नंबर 00030, खसरा नंबर 295/6, 295/3, रकबा क्रमशः 0.0530, 0.0810 हेक्टेयर के औद्योगिक प्रयोजन में पुनर्कर निर्धारण किए जाने बाबत आवेदन पत्र/शपथ पत्र/खसरा बी-1/नक्शा/ऋण पुस्तिका की प्रति/पंजीयन बैनामा/नगर एवं ग्राम निवेश विभाग द्वारा उक्त खसरे पर स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 31/05/2024 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 22/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनांदगांव**

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव जिला-राजनांदगांव, छत्तीसगढ़**

**ईश्तहार**

क्रं. /प्रवा.-3/अ.वि.अ./2024
राजनांदगांव दिनांक 06/06/2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका नीलिमा ठक्कर पति गौरव ठक्कर, निवासी गुरूद्वारा रोड, दीवानपारा, तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम गातापार, पटवारी हल्का नंबर 00030, खसरा नंबर 294/6, 294/8, 295/1, 295/2, रकबा क्रमशः 0.1210, 0.1210, 0.0810, 0.0810 हेक्टेयर के व्यवसायिक प्रयोजन में पुनर्कर निर्धारण किए जाने बाबत आवेदन पत्र/शपथ पत्र/खसरा बी-1/नक्शा/ऋण पुस्तिका की प्रति/पंजीयन बैनामा/नगर एवं ग्राम निवेश विभाग द्वारा उक्त खसरे पर स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 21/06/2024 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 06/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनांदगांव**

**न्यायालय तहसीलदार, राजनांदगाँव जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपा रामटेके घ.प. लवकुमार रामटेके व अन्य, निवासी-ममता नगर, राजनांदगाँव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम इंदावानी, प.ह.नं. 60, तहसील व जिला-राजनांदगाँव स्थित भूमि खसरा नंबर 518/1 518/7 518/9 कुल रकबा 0.3190हे. भूमि की मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण डुप्लिकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने का निवेदन किया गया है।

उक्ताशय के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी तारीख 13/6 / 2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय तक लिखित मे प्रस्तुत कर सकते है. बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

अतः यह ईश्तहार आज दिनाँक 28/5/2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
जारी दिनांक 28-5-2024
सुनवाई दिनांक 13-6-2024

**तहसीलदार राजनांदगांव**

**न्यायालय तहसीलदार छुरिया, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**// राजस्व मामले में नोटिस //**

**रा.प्र. क्रं. 202403090200050 अ-27 वर्ष 2023-2024**

प्रति,
कुंजलाल पिता प्रेमसिंग
जाति महार, ग्राम भोलापुर तहसील छुरिया, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय का राजस्व प्रकरण क्रमांक 202403090200050 - अ-27 वर्ष 2023-2024 में आवेदक कमलसिंग पिता प्रेमसिंग जाति महार निवास ग्राम भोलापुर तहसील छुरिया के द्वारा न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम भोलापुर प.ह.नं. 11 तहसील छुरिया स्थित कृषि भूमि खाता क्रमांक 322 में दर्ज खसरा नं. व रकबा क्रमशः 249/12 (0.2020 हे.), 249/14 (0.1940 हे.), 249/16 (0.0810 हे.), 249/18 (0.0320 हे.), 249/20 (0.0810 हे.), 249/22 (0.0730 हे.), 452/5 (0.1010 हे.), 473/8 (0.2350 हे.), 566/5 (0.2220 हे.) आवेदक व अनावेदक क्रं. 1, 2 व 3 के शामिलात नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि का खाता विभाजन किए जाने का निवेदन किया गया है। आवेदन पत्र के साथ बी-1 की छायाप्रति पेश किया गया है। प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12.06.2024 को समय प्रातः 11 बजे नियत है।

अतः आप निर्धारित तिथि व समय में न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते हैं। अनुपस्थिति की दशा में आपके विरूद्ध प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही किया जाकर आपका पक्ष समाप्त किया जावेगा जिसके जिम्मेदार आप स्वयं होंगे।

आज दिनांक 29.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया जाता है।

**तहसीलदार छुरिया, जिला राजनांदगांव**

# ग्राम बाहपानी सड़क दुर्घटना तथा ग्राम पिरदा में बारूद फैक्ट्री ब्लास्ट में मृतकों एवं घायलों को स्वेच्छानुदान से मंजूर की राशि

रायपुर (दावा)। राज्य के संवेदनशील मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कबीरधाम जिले के विकास पंडरिया के ग्राम बाहपानी में 20 मई को हुई दुःखद सड़क दुर्घटना एवं बेमेतरा जिले की भिंभौरी तहसील के ग्राम पिरदा में 25 मई को स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड बारूद फैक्ट्री में हुए ब्लास्ट में मृतकों के परिजनों तथा घायलों सहित 51 अनुदानग्रहिताओं को अपने स्वेच्छानुदान मद से कुल 01 करोड़ 51 लाख 50 हजार रूपए की राशि स्वीकृत की है। मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रूपए तथा घायलों को 50-50 हजार रूपए के मान से सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

कबीरधाम जिले के ग्राम बाहपानी की सड़क दुर्घटना में 19 मृतकों के परिजनों को 5 लाख रूपए के मान से 95 लाख रूपए तथा इस घटना में 16 घायलों को 50-50 हजार रूपए के मान से कुल 8 लाख रूपए की राशि मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा स्वेच्छानुदान मद से मंजूर की गई है।

इसी प्रकार बेमेतरा जिले के ग्राम पिरदा की स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड बारूद फैक्ट्री में 25 मई को हुए ब्लास्ट में एक मृतक एवं 8 लापता व्यक्तियों के परिजनों को 5 लाख रूपए के मान से कुल 45 लाख रूपए की आर्थिक सहायता तथा इसी घटना में 7 घायलों को 50 हजार रूपए के मान से कुल 3 लाख 50 हजार रूपए की सहायता राशि की मंजूरी मुख्यमंत्री ने दी है।



**संवेदनशील मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने स्वेच्छानुदान से से डेढ़ करोड़ रूपए से ज्यादा सहायता राशि मंजूर की**
**28 मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रूपए तथा 23 घायलों को 50-50 हजार रूपए की सहायता राशि**

मुख्यमंत्री ने कबीरधाम जिले के ग्राम बाहपानी की सड़क दुर्घटना में मृतक श्रीमती प्यारी बाई, कुमारी सोनम बाई धुर्वे, श्रीमती धनैया बाई धुर्वे, श्री सिरदारी राम धुर्वे, कुमारी किरण, श्रीमती शांति बाई, श्रीमती तिको बाई, श्रीमती मीला बाई, श्रीमती जनिया बाई, श्रीमती मुंगिया बाई, श्रीमती झंगलो बाई धुर्वे, श्रीमती सियाबाई, श्रीमती पैंटोरिन बाई मेरावी, श्रीमती बिस्मत बाई मेरवी, श्रीमती लीला बाई, श्रीमती परसदिया देवी, श्रीमती भारती बाई, श्रीमती कुनती बाई, श्रीमती धानबाई धुर्वे के परिजन को 5-5 लाख रूपए की राशि तथा 16 घायलों श्रीमती ममता, श्रीमती मुन्नी बाई, श्री गुलाब सिंह, श्री दयाराम, श्री शिवनाथ, श्री महावीर, श्री कार्तिक, श्रीमती धन्नू, श्रीमती इन्द्राणी, श्री जोधीराम, श्री अनिल, श्री फूलचंद, श्री मानसिंह, श्रीराम, श्री रम्हउ, श्री बजरू को 50-50 हजार रूपए की सहायता राशि मंजूर की है।

इसी तरह ग्राम पिरदा की स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड बारूद फैक्ट्री में ब्लास्ट में मृतक श्री सेवक राम और 8 लापता व्यक्तियों श्री पुष्पराज देवदास, श्री विजय देवदास, श्री राजू ध्रुव, श्री नीरज ध्रुव, श्री लोकनाथ यादव, श्री शंकर यादव, श्री नरहर यादव, श्री भीष्म साहू के परिजन को 5-5 लाख रूपए की राशि तथा 7 घायलों श्री इन्द्रकुमार रघुवंशी, श्री दिलीप ध्रुव, श्री नीरज यादव, श्री चंदन कुमार, श्री मनोहर यादव, श्री रवि कुर्रे, श्री शेषनाथ निषाद को 50-50 हजार रूपए की सहायता राशि मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा मंजूर की गई है।

# राजनांदगांव कबड्डी प्रिमियर लीग 2024 का भव्य शुभारंभ 8 जून को

डोंगरगढ़ (दावा)। राजनांदगांव कबड्डी प्रीमियर लीग 2024 के सीजन 01 का दो दिवसीय भव्य आयोजन 8 जून से प्रारंभ होगा। ब्लाक कबड्डी संघ डोंगरगढ़ के द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में आयोजन समिति के समस्त पदाधिकारी व सदस्यगणों के साथ ग्राम घुसेरा के समस्त ग्रामवासी क्षेत्रीय जनपद सदस्य रविंद्र अग्रवाल के नेतृत्व में युद्ध स्तर पर कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्रयास कर रहे हैं।



**डोंगरगढ़ के ग्राम घुसेरा में हो रहा है भव्य आयोजन**

8 जून शनिवार संध्या 5:00 बजे होने वाले उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि मधुसुदन यादव (पूर्व सांसद राजनांदगांव) होंगे। विशिष्ठ अतिथिगणों में रविन्द्र अग्रवाल जनपद सदस्य, संरक्षक ब्लाक कबड्डी संघ, जैन मेश्राम मंडल अध्यक्ष,पीताम्बर सिन्हा सरपंच धुसेरा,चन्द्रशेखर पटेल ग्राम पटेल,राम गुलाल सिन्हा, ग्राम प्रमुखगण हाजी अब्दुल रशीद खान, हिरामन बंजारे जगन्नाथ मंडावी की गरिमा में उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाना है। रात्रि 8:00 बजे आयोजित सम्मान कार्यक्रम के

राहुल देव शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक राज.आशीष कुंजाम अनु. अधिकारी पुलिस डोंगरगढ़, उमेश कुमार पटेल अनु. अधिकारी राजस्व डोंगरगढ़ होंगे।

राजस्व मंत्री के मुख्य आतिथ्य में होगा समापन - प्रीमियर लीग कबड्डी प्रतियोगिता के भव्य समापन के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, खेल एवं युवक कल्याण मंत्री टंक राम वर्मा होंगे। 09 जून 2024, रविवार, समय रात्रि 8.00 बजे आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता संतोष पाण्डेय सांसद राजनांदगांव लोकसभा,विशेष अतिथि के रूप में रामजी भारती पूर्व विधायक एवं प्रदेश महामंत्री (भाजपा),रमेश पटेल जिला भाजपा अध्यक्ष,अशोक चौधरी अध्यक्ष जिला कबड्डी संघ राज.रामाधार ओझा ब्लाक कबड्डी संघ अध्यक्ष डोंगरगढ़ की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम का भव्य समापन किया जाएगा।

# भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान द्वारा कृषक एनेश्वर वर्मा को मिला नवोन्मेषी किसान सम्मान



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली के अध्यक्ष एवं निदेशक डॉ. अशोक सिंह द्वारा जिले के कृषक श्री एनेश्वर वर्मा को कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों में उत्कृष्ट योगदान के लिए नवोन्मेषी किसान से सम्मानित किया गया। डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम परागांव खुर्द के कृषक श्री एनेश्वर वर्मा आधुनिक खेती तकनीकों का उपयोग करके एकीकृत खेती को अपनाने वाले एक नवोन्मेषी किसान है। धान, गेहूं और दालों की खेती के अलावा टमाटर, मिर्च, गेंदा, आम जैसी बागवानी फसलें उगा रहे हैं तथा मवेशी और मछली पालन भी कर रहे हैं। फास्फोरस युक्त जैविक खाद का उत्पादन कर रहे हैं और खेतों में मशीनीकरण व जल संचयन को अपनाया है। श्री वर्मा ने अपने खेतों में लगी फसलों को जंगली-जानवरों से सुरक्षित रखने के लिए पीवीसी पाइप और गैस लाइटर का उपयोग करके एक नवोन्मेषी ध्वनि प्रणाली विकसित की है। उन्होंने शासकीय योजनाओं का लाभ लेते हुए खेतों में छायादार, जाल, ड्रिप सिंचाई और तालाब स्थापित किया है। श्री एनेश्वर वर्मा को उन्नत कृषक पुरस्कार, डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रतन सम्मान, इंटरनेशनल ग्लोबल ग्रीन पुरस्कार, प्राइड ऑफ यंग हिन्दुस्तान, अंतर्राष्ट्रीय मैत्री सम्मान से सम्मानित किया गया है। कृषक श्री एनेश्वर वर्मा की सफलता से प्रेरित होकर विभिन्न किसानों ने अपने आजीविका में सुधार के लिए फसल उत्पादन की नवीन तकनीकों को अपनाया है।

**- आधुनिक खेती तकनीकों का उपयोग करके एकीकृत खेती को अपनाने वाले एक नवोन्मेषी किसान**
**- खेतों में मशीनीकरण व जल संचयन को अपनाया**

# सीईओ जिला पंचायत ने ग्राम पंचायत उरईडबरी के सचिव को तत्काल प्रभाव से किया निलंबित

**- गंदगी पाये जाने एवं साफ-सफाई नहीं होने पर ग्रांम पंचायत देवादा के सचिव पर जुर्माना एवं कारण बताओ नोटिस जारी**
**- ग्राम पंचायत टेडेसरा और तोरणकट्टा के सचिवों पर लगाया गया जुर्माना**



**- स्वच्छता दीदीयों को कचरा संग्रहण के लिए किया प्रोत्साहित**
**- सीईओ जिला पंचायत ने ग्राम पंचायत उरईडबरी, अंजोरा, देवादा, टेडेसरा, तोरणकट्टा, कोपेडीह एवं तुमड़ीबोड़ का किया आकस्मिक निरीक्षण**

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने आज राजनांदगांव, डोंगरगांव एवं डोंगरगढ़ विकासखण्ड के विभिन्न ग्राम एवं ग्राम पंचायतों का आकस्मिक निरीक्षण किया। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने ग्राम पंचायत उरईडबरी, अंजोरा, देवादा, टेडेसरा, तोरणकट्टा, कोपेडीह, तुमड़ीबोड़ के पंचायत कार्यालयों, विकास कार्यों एवं स्वच्छता का निरीक्षण किया। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने डोंगरगढ़ जनपद पंचायत के उरईडबरी ग्राम पंचायत सचिव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। सचिव ग्राम पंचायत उरईडबरी को कई दिनों से पंचायत नहीं आने तथा निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये जाने पर निलंबित किया गया। उन्होंने ग्राम पंचायत सचिवों को मुख्यालयों में रहने के निर्देश दिए है। उन्होंने राजनांदगांव जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत देवादा में गंदगी अधिक पाये जाने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने ग्राम पंचायत देवादा में गंदगी और साफ-सफाई नहीं होने पर ग्राम पंचायत सचिव कारण बताओ नोटिस और 250 रूपए का जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायत देवादा में चल रहे विकास कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसी तरह ग्राम पंचायत टेडेसरा और तोरणकट्टा के ग्राम मनकी में गंदगी पाये जाने पर संबंधित सचिव पर 250 रूपए का जुर्माना लगाया है। उन्होंने राजनांदगांव जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत अंजोरा में स्वच्छता दीदीयों को कचरा संग्रहण के लिए प्रोत्साहित किया। ग्रामीणों ने बताया कि स्वच्छता दीदीयों को प्रतिमाह प्रत्येक घर से 30-30 रूपए शुल्क दिया जाता है। सीईओ जिला पंचायत ने डोंगरगांव जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत कोपेडीह के सचिव से पंजी संधारण की जानकारी ली। उन्होंने नेशनल हाईवे किनारे निर्मित सामुदायिक शौचालय को उपयोग में लाने का निर्देश दिया। ग्राम पंचायत तुमड़ीबोड़ में घर-घर कचरा संग्रहण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सभी दुकानदारों के साथ यूजर शुल्क लेने के लिए अनुबंध करने के निर्देश दिया। साथ ही घर-घर से यूजर शुल्क भी संग्रहण करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत से स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक तथा जनपद पंचायत सीईओ एवं जनपद पंचायत के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

# केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड के प्रादेशिक निदेशक डॉ. प्रबीर कुमार नायक ने जिले के आर्टिफिशियल रिचार्ज स्ट्रक्चर का किया निरीक्षण

राजनांदगांव (दावा)। जल की कमी और बढ़ती हुई मांग को देखते हुऐ जल रक्षा और प्रबंधन आज की सबसे बड़ी प्राथमिकताओं में से एक है। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह और केंद्रीय भूमि जल बोर्ड के प्रादेशिक निदेशक रायपुर डॉ. प्रबीर कुमार नायक द्वारा जनपद पंचायत राजनांदगांव और खैरागढ़-छुईखड़ान-गंडई जिले के खैरागढ़ जनपद के पंचायतों का निरीक्षण किया गया। जिले के जनपदों में घटते भू-जल स्तर के उपाय करने के लिए नवीन कृत्रिम वॉटर रिचार्ज स्ट्रक्चर का निर्माण कार्य किया गया है। वर्षा के जल को ग्राम पंचायतों के स्तर पर रोककर भू-जल में वृद्धि करने के उद्देश्य से मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, कृषि, वन और जल संसाधन विभाग द्वारा जीआईएस का उपयोग करके नए स्थल का चयन कर नवीन कार्य प्रारंभ किए जा रहे हैं। नवीन चयनित स्थलों के निरीक्षण के लिए केंद्रीय भूमि जल बोर्ड रायपुर के टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। निदेशक केंद्रीय भूमि जल बोर्ड डॉ. नायक ने तकनीकी मार्गदर्शन दिया। जिले की नई पहल मिशन जल रक्षा के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की सराहना की। जिला पंचायत राजनांदगांव और केंद्रीय भूमि जल बोर्ड के संयुक्त तत्वाधान में जिला पंचायत के सभा कक्ष में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।



**- प्रादेशिक निदेशक ने जिले में मिशन जल रक्षा अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की सराहना की, दिया तकनीकी मार्गदर्शन**
**- कार्यशाला में जल संरक्षण की तकनीकों के संबंध में दी गई जानकारी**
**- जल संरक्षण और आर्टिफिशियल रिचार्ज स्ट्रक्चर के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए किए जा रहे सामूहिक प्रयास**

कार्यशाला में बताया गया कि हमारे विशेषज्ञों की टीम ने आधुनिक और प्रभावी आर्टिफिशियल रिचार्ज स्ट्रक्चर डिजाइन किए हैं, जो विभिन्न भूगर्भीय परिस्थितियों के अनुकूल हैं। जल संरक्षण तकनीक की यह तकनीक परंपरागत और आधुनिक जल संरक्षण तकनीकों का मिश्रण है। जिसमें बारिश का पानी संचयन, मिनी पर्कोलेशन टैंक, स्ट्रैगर ट्रेंच, चेक डैम और नदियों के पुनर्जीवन के उपाय शामिल हैं। इसके अंतर्गत स्थानीय समुदायों और किसानों के साथ मिलकर कार्य करते हुए, उन्हें प्रशिक्षण और संसाधन प्रदान करना। कार्यशाला में केंद्रीय भूमि जल बोर्ड के प्रादेशिक निदेशक रायपुर डॉ. प्रबीर नायक ने कहा कि जीआईएस के माध्यम से लिनियामेंट फैक्चर लाइन में नवीन स्थल चयन करके अधिक से अधिक भू-पुनर्भरण क्षेत्रों में सहायक सिद्ध होगा। स्थानीय समुदायों और सरकारी संस्थानों के साथ मिलकर इन स्ट्रक्चर्स का निर्माण और रखरखाव सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी नागरिक, सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों से अपील की है कि वे जल संरक्षण और आर्टिफिशियल रिचार्ज स्ट्रक्चर के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। जल हमारी अमूल्य संपत्ति है और इसे सुरक्षित रखना हम सभी का कर्तव्य है। आइए सभी मिलकर जल संरक्षण के इस महाअभियान को सफल बनाएं और भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और समृद्ध जल संसाधन छोड़ें। इस महत्वपूर्ण पहल में अपना समर्थन दें और जल संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं। इस कार्यशाला में डायरेक्टर व साइंटिस्ट और साइंटिस्ट श्री एन राव, केंद्रीय भूमि जल बोर्ड, एपीओ मनरेगा, जनपद सीईओ व एपीओ खैरागढ़, एसडीओ खैरागढ़, सीएफपी टीम और तकनीकी सहायक उपस्थित रहे।

# जिले के स्वयं सेवक ओड़िशा में आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय जनजातीय सांस्कृतिक युवा महोत्सव में करेंगे छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व



राजनांदगांव (दावा)। एसडीजी-यूएन के तहत सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए एक मंच एकता परिषद ट्रस्ट, ओडिशा और युवा विकास संगठन दोनों संस्कृति के विकास के लिए काम कर रहे हैं।जो विभिन्न राज्यों और राष्ट्र भर में शांति, समानता और न्याय कार्यक्रम के लिए काम कर रहा है।

उस संबंध में, यह संगठन आजीविका गतिविधियों के लिए जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं और दामिया बारबरा रिजर्व वन क्षेत्र के जनजातीय लोगों के समर्थन को भी बढ़ावा देता है, जो भारत और एशिया का सूचीबद्ध आरक्षित वन क्षेत्र है। सांस्कृतिक, खेल, साहसिक कार्य, राष्ट्र निर्माण के साथ-साथ आपदा राहत कार्यों के क्षेत्र में भी काम कर रहा है।

इसके अलावा, ओडिशा राज्य के तटीय और जनजातीय जिलों में स्वास्थ्य, पर्यावरण, शिक्षा, वरिष्ठ नागरिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा और अन्य आजीविका संवर्धन गतिविधियों पर भी काम करते हैं। इनके द्वारा ओडिशा के कुछ युवा संगठनों के सहयोग से 08 से 10 जून 2024 को बानपुर, ओडिशा में तीन दिवसीय अंतर्राष्टीय जनजातीय सांस्कृतिक युवा महोत्सव का आयोजन करने जा रहे हैं। कार्यक्रम में भारत के विभिन्न राज्यों और देश के बाहर से कुल 250 की संख्या में जनजातीय और संस्कृति उन्मुख युवा स्वयंसेवक और आयोजक भाग लेंगे। चूँकि यह एक संयुक्त तह्-हलह जनजातीय सांस्कृतिक महोत्सव कार्यक्रम है, यह पूरे युवा समुदाय का ध्यान आकर्षित करेगा।

इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने राजनांदगांव जिले से स्वयं सेवक मनीष टांडेकर, अभिषेक भट्टाचार्य, भागवत वर्मा, ललित साहू, लोकेश कुमार, लक्की साहू, खुमेश साहू, वासुदेव साहू, स्वयंसेविका भुनेश्वरी साहू,पूजा वर्मा, पूजा साहू, आशा साहू, वेदमाला साहू, तब्बू पटेल ये सभी स्वयंसेवक व स्वयं सेविकाएं छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे ।

# संतोष पांडे की जीत में नांदगांव से लीड का रहा महत्वपूर्ण रोल- अग्रहरि



राजनांदगांव (दावा)। जिला भाजपा सांस्कृतिक एवं शिक्षा प्रकोष्ठ प्रभारी राजेश गुप्ता अग्रहरि ने राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र से पुनः निर्वाचित हुए सांसद संतोष पांडे जी की जीत में राजनांदगांव विधानसभा व संस्कार धानी नगरी से मिली लीड का महत्वपूर्ण योगदान बताते हुए यहां की देवतुल्य जनता व समस्त बडे-छोटे नेता व कार्यकर्ताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राजनांदगांव के साथ जो भी अन्याय करेगा यहां की देवतुल्य जनता-जनार्दन ऐसे ही मजा चखाएगी। श्री अग्रहरि ने राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के इतिहास में दूसरी बार सांसद बनकर एक नया आयाम स्थापित करने वाले नव निर्वाचित सांसद संतोष पांडे जी को उनके ऐतिहासिक जीत के लिए कोटिशः बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिस तरह अपने पांच वर्ष के कार्यकाल में राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र की सेवा की व विकास के मार्ग को प्रशस्त किया उसी के फलस्वरूप यहां की जनता ने उन्हें पुनः सांसद पद पर प्रतिष्ठित करने के लिए पूरा मन पहले ही बना लिया था। इसके साथ ही केंद्र में दबंग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का 10 वर्षों का गरीब किसान हितैषी विकास परक कार्य व राजनांदगांव के लोक प्रिय विधायक डॉ.रमन सिंह जी के लोक हितकारी व विकास मूलक कार्य का श्री पांडे जी को काफी संबल मिला जिसके चलते उन्होंने पूर्व सीएम भूपेश बघेल से लड़कर इस हाई प्रोफाइल वाले सीट पर भाजपा का झंडा गाड़ कर कांग्रेस को चारों खाने चित कर दिया। श्री अग्रहरि ने आगे कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में पूरे देश में जन-जन के प्रिय, विश्वास और संबल बन चुकी भाजपा छत्तीसगढ़ के दसों ससंदीय क्षेत्र में अपना परचम लहराकर बता दिया कि मोदी है तो सब मुमकिन है।

## कार्यकर्ताओं ने अच्छी मेहनत की... सफलता से थोड़ी दूर रह गए-भूपेश बघेल

राजनांदगांव (दावा)। शुक्रवार 7 जून को मानपुर मोहला-अंबागढ़ चौकी जिला सहित डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के दौरान पर आए पूर्व सीएम ने यहा आयोजित कई कार्यक्रमों में भाग लिया और पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं ने उनकी जीत के लिए अच्छी मेहनत की लेकिन सफलता से थोड़ी दूर रह गए। मानपुर-मोहला क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी को अच्छी लीड मिली। साढ़े छै लाख से अधिक वोट मिला है। मोहला-मानपुर क्षेत्र से 40 हजार से अधिक लीड मिली है। इसलिए सभी कार्यकर्ताओं का आभार है।

मोहला-मानपुर-अं. चौकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक ईन्द्रशाह मंडावी सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ताओं नेताओं की उपस्थिति में श्री बघेल ने कहा कि उन्हें पार्टी की बैठक में दिल्ली जाना है। इसलिए उनका अगला दौरा रद्द है।

# आयुक्त ने की निर्माण कार्यो की समीक्षा

राजनांदगांव (दावा)। निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता आज निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक में तकनीकि अधिकारियों से शहर में चल रहे निर्माण कार्यो एवं योजना के कार्यो में तेजी लाकर अतिशीघ्र पूर्ण करने एवं अप्रारंभ कार्य तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु में निगम सीमांतर्गत वृहद रूप से वृक्षारोपण किया जाना है, इसके लिये सभी उप अभियंता अपने अपने प्रभारित वार्ड में स्थल चयन कर कार्यवाही करना सुनिश्चित करे।





बैठक में आयुक्त श्री गुप्ता ने शहर में चल रहे निर्माण कार्यो की वार्डवार जानकारी लेकर समस्त निर्माण कार्य में तेजी लाकर समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी सहायक अभियंताओं से कहा कि विधायक, सांसद निधि व अन्य योजनांतर्गत चल रहे कार्य अतिशीघ्र पूर्ण करे तथा पूर्ण एवं प्रगतिरत कार्यो की शासन को उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजना सुनिश्चित करे, जिन कार्यो की उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं भेज पाये है उसे तत्काल भेजना सुनिश्चित करे। इसके अलावा उन्होंने शहर में चल रहे निर्माण कार्य के प्रगति की वार्डवार जानकारी लेकर कहा कि निर्माण कार्यो में तेजी लावे तथा कार्यो में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी फिल्ड में रहकर कार्यो की मानिटरिंग करेंगे, ठीक से कार्य नहीं करने वाले ठेकेदारों को नोटिस जारी करें। उन्होने कहा कि कार्य की प्रगति से उच्च अधिकारियों को अवगत करायेगे और पीडब्लूडी गाईड लाईन के आधार पर स्तरबद्ध कार्य करेंगे तथा उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजना सुनिश्चित करें, जिससे आगे के कार्य कराने राशि जारी हो सके।

**वर्षा ऋतु में वृहद वृक्षारोपण के लिये स्थल चयन के दिये निर्देश**

आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि सभी तकनीकि अधिकारी अपने अपने प्रभारित वार्ड में चल रहे कार्यो में प्रगति लावे एवं अप्रारंभ कार्यो को तत्काल प्रारंभ कराये तथा जिन ठेकेदारों द्वारा कार्य प्रारंभ नही किया गया है एवं जिनके द्वारा अधुरा कार्य किया गया है, उन्हे नोटिस जारी कर अविलंब कार्य प्रारंभ कराये। निर्माण कार्यो का चरणबद्ध बिल तैयार करे ताकि कार्य में प्रगति आ सके। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखेंगे। निर्माण कार्यो में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जावेगी। योजना के कार्यो मुख्यमंत्री घोषणा, सांसद विधायक निधि, महापौर व पार्षद निधि के कार्यो को प्राथमिकता से करे, डामरीकरण के शेष कार्य जल्द पूर्ण कराये।

आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि वर्षा ऋतु में निगम सीमांतर्गत वृहद रूप से वृक्षारोपण के लिये सभी उप अभियंता अपने अपने प्रभारित वार्डो में जाकर स्थल चयन करे,जिसमें रिक्त भूमि,रोड के किनारे,उद्यान,तालाब के किनारे,शासकीय सामाजिक संस्थाओं,स्कूलो व कालेजो में वृक्षारोपण किया जाना है। उन्होंने कहा कि पौध रोपण के लिये स्थान,बाण्ड्रीवाल व फैसिंग की स्थिति के साथ साथ पानी की उपलब्धता की जानकारी उपलब्ध कराये।

बैठक में प्र.कार्यपालन अभियंता श्री कामना सिंह यादव, सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम, प्र.सहायक अभियंता श्री दिलीप मरकाम व सुश्री पिंकी खाती, उप अभियंता सर्वश्री दीपक महला, श्रीमती गरिमा वर्मा,सुश्री सुषमा साहू, श्रीमती ज्योति साहू, सुश्री आयुषी सिंह, अनिमेष चंद्रकार, तिलक राज ध्रुव, अशोक देवांगन, डागेश्वर कर्ष, अनुप पांडे, लेखापाल श्री शैलेष पाण्डे, लोककर्म विभाग के लिपिक श्री राहुल ठाकुर उपस्थित थे।

## अनमोल दावा

**"फल की अभिलाषा छोड़ कर कर्म करने वाला पुरुष ही अपने जीवन को सफल बनाता है।**

## सम्पादकीय

# विवश नरेन्द्र मोदी सहयोगी दलों के दबाव में देश का नेतृत्व करेंगें?

लोकसभा चुनाव के परिणामों के बाद देश की राजधानी दिल्ली में भाजपा द्वारा एन.डी.ए. की सरकार रचने की हलचल तीव्र हो गई हैं। बहुमत एन.डी. ए. के ही पास हैं। परन्तु, इंडिया गठबंधन को अपेक्षा से कहीं अधिक बैठकें मिलने से वह इसलिए उत्साहित है कि 303 बैठकों वाली भाजपा को अब 2024 में गठबंधन की सरकार बनाने विवश होना पड़ा है। नरेन्द्र मोदी पहली मरतबे गठबंधन सरकार के प्रधानमंत्री होंगे और यह उनके लिए एक कड़वी दवा घुटकने के समान अनुभव होगा। उनकी सरकार का अस्तित्व विशेषकर नितिश कुमार और चन्द्रबाबू नायडू के सहयोग पर निर्भर करेगा, जो अनिवार्य हो गया है। एक-दो दिनों में मंत्रीमंडल की शपथ विधि की शहनाई की गूंज सुनने को मिल सकती है। इतिहास अब करवट ले रहा है। ऐसे हालात में अनेक मरतबा सरकार को समर्थन देकर आधार बनने वाले विभिन्न स्वरूपों में उसकी कीमत वसूलने को प्राथमिकता देते हैं। संचार माध्यमों से प्राप्त जानकारी के अनुसार लोकसभा अध्यक्ष पद और विविध मलाईवाले महत्वपूर्ण विभागों के मंत्रालायों की मांग की जा रही है। उप प्रधानमंत्री पद देनें की भी मांग की जा रही है।

पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को राजनीति का इतना दीर्घ अनुभव है कि उनके लिए मोदी के लिए ऐसे दबाव सहन करना और संजों कर रखना बहुत मुश्किल नहीं होना चाहिए। चन्द्राबाबू नायडू और नितिश कुमार दोंनो ही अटल बिहारी बाजपेयी के समय एन.डी.ए. का हिस्सा थे। वाजपेयी सरकार ने प्रधानमंत्री एन.डी.ए. के सहयोगी दलों के दवाब में तीन महत्वपूर्ण मुद्दे राम मंदिर, कलम 370 और समान आचार संहिता से अपनी दूरी बना ली थी।

अब इस परिप्रेक्ष्य में प्रश्न यह कि क्या इस मरतबे भी मोदी अधीन एन.डी.ए. सरकार को नियंत्रणों के अधीन काम करना होगा? क्या उनके कार्य करने की गति और दिशा प्रभावित होगी? इसके पहले यह भी देखना होगा कि एन.डी.ए. की सरकार मोदी नेतृत्व में निर्विघ्न बनती है या नहीं ? दिलचस्प यह कि इंडिया गठबंधन के भी अनेक घटक दलों ने भी सरकार रचने की इच्छा प्रगट की है। किन्तु बहुमत से दूर होने के कारण उनकी इच्छा पूर्ण होगी, ऐसा प्रतीत नहीं होता । महत्वपूर्ण बात यह कि देश को लम्बे समय के बाद एक मजबूत विपक्ष मिला है।

यह उत्पन्न स्थिति मतदाताओं की निराशा और शासक दल के प्रति उदासिनता को भी दर्शाती है। मुफ्त खाद्यान्न और अन्य अनेक सुविधाओं ने भी यह स्पष्ट किया है कि मतदाताओं को मोदी की गारण्टी पर से भरोसा उठ गया है। इस कारण, जो भी सत्ता की लगाम अपने हाथ में लेगा। उसे एन.डी.ए. की साझा नीतियों में ही चलना होगा। नरेन्द्र मोदी पिछले 10 सालो में स्वयंभू निर्णय लेते थे, वैसे हालात इस समय नहीं हैं। गणीतीय दृष्टि से देखें तो अंततः एकक्षत्र शासन चलाने वाली भाजपा और उसका नेतृत्व सत्ता खो चुका है।

पूर्व में कांग्रेस को 400 से भी अधिक बैठकें मिली थी और राजीव गांधी उस समय प्रधानमंत्री थे। किंतु राजीव सरकार से देश की जनता हलाकान नहीं थी। 2019 में भाजपा को 303 बैठकें प्राप्त हुई थी और उसने पांच सालों में बड़े अवांछित और अप्रिय कार्य किए। मसलन, अनेक राज्यों में सरकार गिराना, राजनीतिक दलों को तोड़ना और अंहकार में विवेकहीन होकर बयानबाजी करना यह मोदी सरकार के लिए नुकसानदायक रहा।

यद्यपि फिर इस मरतबे नरेन्द्र मोदी एन.डी.ए. के नेता बनने के बाद तीसरी मरतबे सरकार बनाने जा रहे हैं। किंतु एक नेता एक पार्टी बनाने की धमक - चमक अब नहीं दिखई देगी।

भाजपा के कमजोर होनें के बाद चैनलों व सोशल मीडीया में मोदी नेतृत्व की अनेक विविध आलोचना देखने को मिल रही है। किन्तु, आम जनता की नजरों में भी वे देश के एक नम्बर नेता है। चुनाव परिणाम यह संकेत देते हैं कि भाजपा को अब सरकार चलाने में पहली जैसी सुविधा नहीं मिलेगी। दस सालों के बाद फिर अब गठबंधन की सरकार देखने को मिलेगी। विपक्षी दलों के पास 234 बैठकें है, यह सशक्त विपक्ष है और इसे सफल कहा जा सकता है। वह सत्तासीन सरकार को जबर्दस्त चुनौती दे सकते हैं। मोदी का संसदीय नेतृत्व अब दो तिहाई भी नहीं रहा।

पिछले चुनाव में कांग्रेस अधिकृत रूप से विपक्ष में नहीं थी। अब उसके पास 99 बैठके हैं और देश में इस आधार पर वह दूसरे नम्बर की पार्टी है। समाजवादी पार्टी तीसरे नम्बर पर है। अब कांग्रेस को संसद व विभिन्न राज्यों में विपक्ष की भूमिका से लेकर संगठन शक्ति बढ़ाने व पार्टी को मजबूत करने का एक अच्छा अवसर प्राप्त है।

## विश्लेषण

# कांग्रेस को राहुल गांधी क्या उसे सत्ता की दहलीज़ तक पहुंचा पाएंगे ?

**विनीत खरे**

मंगलवार को जब चुनावी नतीजे कांग्रेस और विपक्ष के बेहतर प्रदर्शन की ओर इशारा कर रहे थे तो उसी बीच कांग्रेस दफ़्तर में दोपहर को राहुल गांधी मीडिया से मिलने पहुंचे. उनका चेहरा खिला हुआ था. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सोनिया गांधी की उपस्थिति में, लाल जिल्द वाले संविधान को लेकर राहुल गांधी बोले, 'लड़ाई संविधान को बचाने की थी.' संविधान की कॉपी उनकी चुनावी रैलियों, यात्राओं में कई बार दिखी. राहुल गांधी के ये भाव मार्च में उनके रुख से बिल्कुल अलग थे. उस दिन एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बेहद तल्ख़ रुख़ में उन्होंने कहा था, 'आज भारत में लोकतंत्र नहीं है' उस दिन पार्टी की ओर से कहा गया था कि उनके बैंक अकाउंट फ्रीज़ कर दिए गए थे और पार्टी के लिए चुनाव लड़ने की चुनौती थी.

'लोकतंत्र खतरे में है' और ईडी, सीबीआई जैसी लोकतांत्रिक संस्थाओं के कथित 'दुरुपयोग' का सिंहनाद लेकर चुनाव में उतरने वाले विपक्ष से शायद ही किसी विश्लेषक को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रही होगी. इस चुनाव को विपक्ष के लिए 'करो या मरो' बताया गया थाहमें इंडिया गठबंधन की बैठकों में, कांग्रेस दफ़्तर के बाहर, भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान कांग्रेस और राहुल गांधी का उपहास करते कई पत्रकार और 'जानकार' मिले थे. दूसरी पार्टियों से संसाधनों में कहीं आगे भाजपा का विशाल बहुमत से सत्ता में वापस आना लगभग तय माना जा रहा था.लेकिन अब सुर बदले हुए हैं और ये पहली बार होगा जब प्रधानमंत्री मोदी के सामने गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने की चुनौती होगी.साल 2014 में 44 सीटों पर और 2019 में 52 सीटों पर सिमटने वाली कांग्रेस का 99 सीटें जीतना और इंडिया गठबंधन का 234 के आंकड़े तक पहुंचने को विपक्ष के लिए बड़ी 'सफलता' बताया जा रहा है, हालांकि ये आंकड़ा भाजपा की कुल सीटों से कम है. कांग्रेस का वोट शेयर करीब दो प्रतिशत बढ़ा है.

कई चुनावी विश्लेषक ये भी कह रहे हैं कि इस चुनाव में राहुल गांधी ने मुद्दो की जमीन तैयार की और बीजेपी ने अपना चुनावी प्रचार उसके विरोध में बनाया. बाद सिर्फ मुद्दो तक नहीं रही - राहुल गांधी के खटाखट जैसे जुमले भी खूब चले.शुरुआत में जो चुनाव मीडिया में एकतरफा दिखाई दे रहा था, ज़मीन पर एक दूसरी इबारत लिखी जा रही थी.राहुल गांधी की यात्रा में हिस्सा लेने वाले और स्वराज अभियान से जुड़े योगेंद्र यादव कांग्रेस के बेहतर प्रदर्शन के लिए राहुल गांधी को श्रेय देते हैं कि जब माहौल हिंदुत्व की पिच पर ही बैटिंग का था, उन्होंने ऐसा नहीं किया. उनकी निजी ज़िद और दृढ़ विश्वास बड़ी बात थी.



वो कहते हैं, अगर कांग्रेस को 60 सीटें मिलती तो उन पर सारा आरोप लगाया जाता, तो इस प्रदर्शन का कुछ तो श्रेय उनको मिलना चाहिए.इंडिया गठबंधन के इस आंकड़े तक पहुंचने में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी, महाराष्ट्र में महाविकास अघाढ़ी, पश्चिम बंगाल में टीएमसी की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही.समाजवादी पार्टी नेता जावेद अली खान कहते हैं, हम निचले तबके, उपेक्षित, अल्पसंख्यक, पिछले वर्गों को प्राथमिकता पर रखते हैं. राहुल गांधी भी इन वर्गों के हितों को आगे रखकर बात करते हैं. राहुल गांधी और अखिलेश यादव की अच्छी केमिस्ट्री बन गई थी.

वरिष्ठ पत्रकार संजीव श्रीवास्तव कहते हैं, इन चुनाव में अगर कोई व्यक्ति मोदी के ख़िलाफ़ झंडा उठाकर अंगद की तरह पांव गड़ाकर खड़ा रहा तो वो राहुल गांधी थे. साल 2014 के बाद आज पहली बार उनको ईमानदारी से अपनी पीठ थपथपाने का अवसर मिला है. कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता संजय झा चुनावी फ़ैसले को मोदी विरोधी मत मानते हैं और कहते हैं कि ताज़ा आंकड़ों ने राहुल गांधी को प्रधानमंत्री मोदी के विकल्प का 'गंभीर दावेदार' बना दिया है.

करीब 150 सांसदों का निलंबन, अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन का भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल भेजा जाना, राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता से अयोग्यता, कांग्रेस के घोषणापत्र और राहुल गांधी पर प्रधानमंत्री मोदी सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं के लगातार हमले, राहुल को वजह बताते हुए पार्टी नेताओं के इस्तीफ़े, राज्यों में पार्टी की चुनावी हार - पिछले कुछ महीनों में विपक्ष और राहुल गांधी के समक्ष चुनौतियों की कमी नहीं रही. यहां तक कि कांग्रेस के अस्तित्व पर भी सवाल उठे.

इंडिया गठबंधन की शुरुआती बैठकों और चुनावी सीटों की तालमेल में देरी, महीनों संयुक्त रैलियों और घोषणापत्र का न हो पाना - विपक्ष के सबसे बड़े संगठन होने के कारण कांग्रेस आलोचकों के निशाने पर रही. बार-बार कहा गया कि विपक्ष के पास न चेहरा है, ना नैरेटिव.साथ ही भाजपा राहुल गांधी को एक ऐसे नेता के तौर पर पेश करती रही है जो ऊंचे पदों पर अपनी काबिलियित के बल पर नहीं, बल्कि गांधी सरनेम की वजह से पहुंचे थे.साल 2014 और 2019 लोकसभा चुनावों में कांग्रेस की हार का ठीकरा उनके सिर फोड़ा गया, हालांकि कई कांग्रेस समर्थक इससे सहमत नहीं.

एक कांग्रेस नेता के मुताबिक, चुनाव में बुरे प्रदर्शन के बावजूद ये राहुल गांधी ही थे जो अपने विश्वास पर दृढ़ रहे क्योंकि उन्हें उस पर विश्वास था कि लोकतंत्र में सबसे पहले आम लोग आते हैं जिन्होंने अपने प्रतिनिधियों को चुना है.राहुल के आलोचक कहते रहे कि वो राजनीतिक ताक़त तो चाहते हैं लेकिन ज़िम्मेदारी नहीं, और ये कि उन तक पहुंच आसान नहीं.

लोकसभा चुनाव के अलावा कई विधानसभा चुनावों में पार्टी की हार ने राहुल गांधी के नेतृत्व पर लगातार सवाल खड़े किए, हालांकि बीच में ऐसे भी दौर आते रहे जब पार्टी ने मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक के विधानसभा चुनावों में बेहतर प्रदर्शन भी किया, लेकिन चुनावों में जीत में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा लगातार आगे रही.राहुल गांधी के लिए भाजपा नेताओं ने 'पप्पू', 'शहज़ादा', 'ट्यूबलाइट', 'मूर्खों का सरदार' जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया है.उनके बारे में कहा गया कि वो ऐसे 'डिज़्नी के राजकुमार की तरह हैं जो अपनी ही डिज़्नी की दुनिया में रहते हैं', और वो 'पुरानी वैक्सीन' हैं.संजीव श्रीवास्तव कहते हैं, 'इतनी जिल्लत, बेइज़्ज़ती के बावजूद, इतने सार्वजनिक उपहास के बावजूद टिके रहने के लिए तो उनके 100 में से 200 नंबर हैं. लेकिन खाली टिके होने से कुछ नहीं होता. टिके रहकर डिलिवर करना महत्वपूर्ण है. अब माहौल बदला हुआ है कांग्रेस के ताज़ा आंकड़ों को उस 'डिलीवरी' का सुबूत माना जा रहा है. कांग्रेस पार्टी को बरसों से देखते परखते आए पत्रकार और लेखक रशीद किदवई कहते हैं, मुझे नहीं लगता कि राहुल गांधी के अलावा कोई और व्यक्ति होता तो बरदाश्त कर पाता. ज्योतिरादित्य सिंधिया को वो चार साल की उम्र से जानते थे. मिलिंद देवरा, जितिन प्रसाद से उनके पारिवारिक संबंध थे. एक-एक करके न सिर्फ़ लोग पार्टी को छोड़कर गए, लेकिन उन पर तंज कसके भी गए.

ह्यकांग्रेस के बेहतर नतीजों के लिए राहुल गांधी की दो लंबी यात्राओं को काफ़ी श्रेय दिया जा रहा है. राहुल गांधी की 2022-23 की भारत जोड़ो यात्रा को पार्टी और राहुल की छवि के लिए काफ़ी सफ़ल माना गया था. कन्याकुमारी से कश्मीर तक पहुंची इस यात्रा की काफ़ी चर्चा हुई.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम -169 : अभिषेक से पूर्व विचार मग्न राजा दशरथ अतीत की स्मृतियों में

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



राजा दशरथ कुमार राम के अभिषेक की सूचना सबसे पहले रानी कैकेई को देने वाले हैं। निज कक्ष की ओर जाने के क्रम में बीच में श्री हरि विष्णु का मंदिर है। यह राजप्रासाद के विशाल प्रागंण के एक कोने में है। राजा दशरथ ने दूर से देखा। श्री राम और सीता वहां श्री हरि विष्णु की प्रतिमा के समक्ष ध्यानरत हैं। उन दोनों की पीठ द्वार की ओर है और मुख श्री हरि विष्णु की प्रतिमा की ओर। पालथी मोड़कर बैठे हुए श्री राम और सीता जी हैं, लेकिन हवा के हल्के झोंके से श्री राम का उत्तरीय हल्के से लहरा उठता है और सीता जी के सिर पर लिए हुए साड़ी के पल्लू में थोड़ी हलचल होती है और उसे तत्काल सिर पर रखते हुए वे साड़ी का दूसरा सिरा अपनी कमर में खोंच लेती हैं। एक आदर्श भारतीय नारीज. वीरता, बुद्धि, संस्कारों, सेवा भाव और परिवार से स्नेह... सभी में आदर्श.... यह भावी युवराज और उनकी पत्नी का संयम व्रत है.. दोनों साधक अचल, निर्विकार, स्थिर और ध्यान में निमग्न हैं।

राजा कुछ देर के लिए यहां रुके और उन्होंने साथ चल रहे अपने निज सचिव और सेवक को वापस लौटने का संकेत किया। राजा दशरथ ने दो कदम मंदिर की ओर बढ़ाए, फिर रुक गए और दूर से ही श्री हरि विष्णु की प्रतिमा को प्रणाम किया और अपनी आंखें बंद कर मन ही मन निवेदन किया, ''हे जगदीश! मेरे पुत्र कुमार राम का कल अभिषेक होने जा रहा है। इस अयोध्या राज्य को मैंने बड़े यत्न से संभाल कर रखा है और इसकी सेवा करता आ रहा हूं। यह मेरी जन्म भूमि है। आप भविष्य में ऐसी कोई स्थिति न बनने दीजिए, जिससे भविष्य में राजा राम को कोई समस्या आए। कल का अभिषेक कार्यक्रम निर्विघ्न संपन्न हो जाए.''

राजा ने अपनी आंखें खोलीं, लेकिन उन्हें उस उत्साह का अनुभव नहीं हुआ, जैसी उन्हें अपेक्षा थी। राजा श्री हरि के मंदिर के पास ही बने हुए एक छोटे से ध्यान कक्ष में चले गए। वे वहां कुछ देर बैठना चाहते थे और एकांत में रहकर शांति का अनुभव करना चाहते थे। निज सचिव और सेवक प्रस्थान कर चुके थे। राजा भीतर जाकर एक आसन पर बैठ गए। अचानक उन्हें देवी कैकेई का स्मरण हुआ। कैकेय देश की राजकुमारी। रूप सौंदर्य में अप्रतिम और साथ ही विदुषी और राजकाज का ज्ञान रखने वाली एक बुद्धिमती युवा नारी। युद्ध कला में भी निपुण।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## शब्द सामर्थ्य -081

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**
1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंत:करण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 080 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मा | न | ■ | ■ | प | यो | द | ■ |
| न | ■ | ह | क | दा | र | ■ | ल | य |
| ह | वा | ला | त | ■ | च | ■ | द | म |
| गा | ■ | ■ | रा | ज | म | ह | ल | ■ |
| र | ई | स | ■ | ग | ■ | स | ■ | अ |
| ■ | मा | ■ | प | त | वा | र | ■ | ल |
| ख | न | क | ना | ■ | ह | त | ■ | बे |
| स | दा | ■ | ह | ■ | वा | ■ | शो | ला |
| रा | र | ■ | ■ | ■ | ही | र | क | ■ |

## सू- दोकू क्र.081

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 080 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |



## सामयिक चर्चा

# अहम् ताक में रहेगा तो गठबंधन सरकार चलेगा

खबर पढ़ कर
बानी बोले-''मोदीजी
सर्वसम्मति से
राजग के नेता चुने गये गजाधर!''
तभी गृहस्थ गिरधारी पूछ उठे-
''पर मोदीजी क्या
गठबंधन सरकार चला पाएंगे?''
बानी जोर से बोले-''गिरधारी।
मोदीजी राष्ट्र हित चिन्तक हैं।
कुशल प्रशासक हैं।
तो वे गठबंधनी सरकार को
बड़ी कुशलता पूर्वक चला ले जाएंगे।''
गजाधर अब बोले मुस्करा कर-
''बशर्ते बानी ! कि
मोदीजी के अहम,
घटक दलों के नेताओं से,
जैसे कि टीडीपी के
चन्द्राबाबू नायडू के अहम् से
नहीं टकराएंगे।''
क्योंकि बानी! जहां अहम टकराया
कि आपसी सम्बंध में दरार आया।''



– गिरीश बख्शी

## कविता

# पतझर में भी बहार होगा

जिंदगी बड़ी हसीन होगी जब साथ मेरा यार होगा
याराना भी गहरी होगी जब मिलना बार-बार होगा।
जब तुम पास होगे कितना सुखद अहसास होगा
सारे गम नादारद होंगे और जीवन गुलजार होगा।
तेरे आने की आहट मेरे लिए कुछ तो खास होगा
तेरा दीदार क्या होगा? पतझर में भी बहार होगा।
तेरे साथ जब बीतेगा वो लम्हा, लाजवाब होगा
सुनापन और तन्हा मेरा ये जीवन शानदार होगा।
तुझ पर यक़ीन है तुझ पर ही मेरा सच्चा प्यार है
ये यारी हल्की नही जो नुमाईस सरे बाजार होगा।



अशोक पटेल 'आशु'
तुस्मा,शिवरीनारायण
9827874578

## राशिफल

**मेष** – आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आपके व्यक्तित्व और स्वभाव में सकारात्मक परिवर्तन होने से परिवार वाले प्रसन्न होंगे। पहले किये गये किसी सामाजिक कार्य के लिए आपको सम्मानित किया जायेगा। घर में किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति के आने से चहल पहल बनी रहेगी। आज अपनी योजनाओं और गतिविधियों को सीक्रेट रखें।

**वृषभ** – आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज अपनी कोई भी खास बात किसी से शेयर ना करें। आज माता जी की सलाह से लिया गया कोई भी निर्णय भविष्य में लाभदायक साबित होगा।आपकी धर्म-कर्म और आध्यात्मिक कार्यों में भी आस्था बनी रहेगी। छात्र आज कोई कम्प्यूटर कोर्स सीखने का मन बनाएंगे।

**मिथुन** – आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके व्यक्तित्व में सकारात्मक बदलाव आएगा और रहन-सहन के प्रति अधिक सजग रहना दूसरों के बीच आकर्षण का केंद्र बनेगा। आज किसी रुके हुए काम को पूरा करने के लिए उचित समय है। किसी भी योजना को क्रियान्वित करने से पहले घर के सदस्यों की सलाह जरूर ले।

**कर्क** – आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज व्यवसायिक कार्यप्रणाली में किसी भी तरह का बदलाव न करें। यह समय रुकी हुई पेमेंट को कलेक्ट करने और आर्थिक स्थितियों को मजबूत करने के लिए उत्तम है। आज आपका पारिवारिक सदस्यों के साथ सुखद समय बीतेगा और घर में मेहमानों के आगमन से चहल-पहल रहेगा।

**सिंह** – आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज किसी भी काम को करने से पहले उससे संबंधित जानकारी हासिल करने से ज्यादा सफलता मिलेगी। आज आपके सरल स्वभाव का कुछ लोग फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। आज अपनी योजनाओं व गतिविधियों को किसी के साथ भी शेयर ना करें।

**कन्या** – आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज आस-पास के लोगों के लिए आपका व्यवहार अच्छा रहेगा, आपके अंदर नयी ऊर्जा का संचार होगा। आज आपको जो भी काम दिया जाएगा उसे अच्छे से पूरा करने में सफल होंगे। बिजनेस में आपको मेहनत के अच्छे नतीजे हासिल होंगे।

**तुला** – आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज का समय उपलब्धियों वाला है। आज अपनी पूरी मेहनत व ऊर्जा अपने कार्यों के प्रति लगाएंगे। आज जीवनसाथी और पारिवारिक सदस्यों का पूर्ण सहयोग मिलता रहेगा और आपसी रिश्ते भी सौहार्दपूर्ण बने रहेंगे। बिजनेस के कामों में सुधार होगा।

**वृश्चिक** – आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी व्यक्ति विशेष के बारे में सोच कर रोमांचित रहेंगे। आज आपको कुछ नए अनुभव मिल सकते हैं। आज आपके लिए घर का कोई सदस्य कुछ खरीद सकता है जिसे पाकर आप आनन्दित होंगे।आज बिजनेस की प्रगति के लिए फाइनेंशियल प्लानिंग करेंगे।

**धनु** – आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज किसी की सलाह मिलने से आपका हौसला बढेगा और आप काम को बढ़िया तरीके से करेंगे। करियर को बेहतर बनाने के लिए आज आप किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे। पहले से लोन के लिए किया गया आवेदन आज स्वीकृत हो जायेगा।

**मकर** – आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आपके परिवार में आपसी प्रेम रहेगा। व्यापारिक दृष्टिकोण से आज सब कुछ ठीक रहेगा। आपकी इनकम अच्छी रहेगी। आज पारिवारिक संपत्ति संबंधित कोई मामला सुलझ सकता है। कार्यों में भाई व बहनों का सहयोग आपको मिलता रहेगा।

**कुंभ** – आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। लोगों के मन में आपके प्रति सम्मान का भाव रहेगा यह देखकर आपको खुशी होगी। आज आप घर के कामों में अपनी माँ की मदद करेंगे और भविष्य को लेकर आप बातचीत भी करेंगे। आज आप अपने कामों में जल्दबाजी दिखाने से बचें। आपका कोई मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है।

**मीन** – आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपका जो उद्देश्य है, उससे जुड़े विचारों पर ध्यान देने की कोशिश करें। मित्रों के साथ बिताए हुए समय को सोचकर आनंदित होंगे। आज आपको संतान पक्ष से खुशखबरी मिलेगी। आज आपको आय के कई रास्ते दिखाई देंगे। आपका किसी नए वाहन तो खरीदने का सपना पूरा होगा।

# सतनामी समाज ने महामहिम राज्यपाल के नाम कलेक्टर को सौपा ज्ञापन, रखी सीबीआई जांच की मांग



खैरागढ़ (दावा)। मानव समाज को एकता के सूत्र में पिरोने वाले विश्व वंदनीय प्रात: स्मरणीय महान संत शिरोमणि गुरु बाबा घासीदास के तपोभूमि गिरौदपुरी धाम के अमर गुफा में गडाऐ हुए स्वेत ध्वजा व जय स्तंभ को किसी असामाजिक तत्वों के व्यक्तियों के द्वारा काट कर फेंक दिए जाने के विरोध में सतनामी समाज ने महामहिम राज्यपाल के नाम पर कलेक्टर को सौपा ज्ञापन और सीबीआई जांच की मांग करते हुए अपनी मांग रखी।

उस मामले को लेकर बिहार के तीन लोगों को जो नल जल योजना के तहत हो रहे निर्माण कार्यों में कार्य कर रहे थे जिनको आरोपी बनाकर गिरफ्तार किया गया है। किंतु समाज उसे बात से संतुष्ट नहीं है और सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं।

बहरहाल पूरे मामले को लेकर छत्तीसगढ़ के सतनामी समाज के लोगो सहित केसीजी जिला के सतनामी समाज के लोगो ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर सामाजिक, धार्मिक ,भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले तथा मनखे मनखे एक बरोबर के संदेश देने वाले महान संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास के तपोभूमि गिरौदपुरी धाम के अमर गुफा में जिस तरह सद्भावना तथा मानवता की प्रतीक चिन्ह स्वेत ध्वजा जय स्तम्भ को काटकर जो समाज को ललकारा है।

समाज आज भी उग्र होकर अपना दुश्मनों को खुले आम न्याय कर सकता है किन्तु समाज अभी सादगी और भाईचारे तथा शिक्षा की ओर अग्रसर होकर अपने परिवार को समाज को बाबा गुरु घासीदास के विचारों पर चल रहे है।

इसलिए किसी भी प्रकार की उग्रता को त्याग चुके हैं और समय रहते सतनामी समाज ही नहीं वरन् सम्पूर्ण मानव समाज को एक सुत्र में पिरोने का कम करने तथा संविधान के मानने वाले लोग हैं और न्याय पालिका का सम्मान करता है. वर्तमान में बड़ी आशा और उम्मीद है की शासन प्रशासन सी बी आई जांच अविलम्ब जारी करें और वास्तविक दोषीयो के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करें। इस अवसर पर खुमान देशलहरे, जेठू मारकंडे, संदीप सिरमौर, केवल दास, रोशन चतुर्वेदी, दाऊलाल, बीरेंद्र बंजारे, कली राम बंजारे, पप्पू पात्रे, हेमेश जांगड़े, उमेश कोठले सहित बड़ी संख्या में सतनामी समाज के लोग उपस्थित थे।

# जन आंदोलन सत्याग्रह: कुलपति हटाओ इंदिरा कला संगीत विश्व विद्यालय बचाओ- बीआर यादव




खैरागढ़ (दावा)। इंदिराकला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ का नैक टीम द्वारा विजिट में सी रैंक दिए जाने का मामला थमा नहीं है,कि एक और मामला सामने आ गया, छुईखदान के राष्टपति पुरुष्कार प्राप्त सेवा निवृत्त शिक्षक बीआर यादव ने विवि के कुलपति ममता चंद्राकर पर फर्जी नौकरी करने का आरोप लगाया है।

उन्होंने बताया की राजभवन द्वारा जारी विज्ञापनों के अनुसार कुलपति पद पर नियुक्त होने वाला व्यक्ति अकादमिक तथा सम्बंधित के पास प्राध्यापक प्रोफ़ेसर पद पर 10 वर्षों का कार्यानुभव का होना आवश्यक है। लेकिन ममता के पास एक दिन का भी अनुभव नही है।

कुलपति मोक्षदा चंद्राकर की नियुक्ति असंवैधानिक है। उनका कार्यकाल 2 दिसंबर 2023 तक समाप्त हो गया है उसके बाद भी इसका एक्सटेंशन नही हुआ है।। पहले इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय को॰ वर्ग की मान्यता थी पर अब वह ष्ट वर्ग हो गया है। इस स्थिति में बाहर से बच्चे कैसे आएंगे। क्योंकि उसकी रेटिंग गिर गई है। ये सब कुलपति के कारण हुआ है।

बीआर यादव ने जनसूचना अधिकारी इंदिराकला संगीत विश्वविद्यालय को सुचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत 4 जनवरी 2024 को आवेदन प्रस्तुत कर जानकारी मांगी गई थी। लेकिन जनसूचना अधिकारी ने सुचना का अधिकार अधिनियम का अवहेलना करते हुए जानकारी नहीं दिया।

हम चार बार उनको हटाने के लिए अपना आपत्ति प्रस्तुत कर लिये है।।उसके बाद भी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। जिसके कारण हम अनसन में बैठे हैं। जब तक मांग पूरा नहीं होगा तब तक यह जारी रहेगा।

# पहला कॉलम...

## लेखा प्रशिक्षण परीक्षा नवम्बर-2023 से फरवरी-2024 का परीक्षाफल जारी, परीक्षा फल 64.63 प्रतिशत रहा

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन के अंतर्गत शासकीय सेवकों के लिए लेखा प्रशिक्षण परीक्षा का आयोजन प्रतिवर्ष 03 सत्रों (मार्च-जून, जुलाई-अक्टूबर, नवम्बर-फरवरी) में संचालनालय कोष लेखा एवं पेंशन छत्तीसगढ़ द्वारा किया जाता है। इस प्रशिक्षण में राज्य शासन के आधीन कार्यरत सहायक ग्रेड वर्ग-3, अन्य लिपिक वर्गीय कर्मचारी जिन्होंने तीन वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली वे प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु संबंधित कार्यालय द्वारा नामांकित किए जाते है। लेखा प्रशिक्षण परीक्षा में प्रथम प्रयास में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों को एक अग्रिम वेतन वृद्धि का लाभ प्रदाय किया जाता है। संचालनालय कोष लेखा एवं पेंशन द्वारा प्रशिक्षण सत्र नवम्बर-2023 से फरवरी-2024 का परीक्षा परिणाम 06 जून 2024 को घोषित किया गया है।

संचालक कोष लेखा एवं पेंशन श्री महादेव कावरे ने बताया कि उक्त सत्र में कुल 246 परीक्षार्थियों में से 159 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए है। उत्तीर्ण परीक्षार्थियों का प्रतिशत 64.63 प्रतिशत रहा। 81 परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए है।

## क्रिकेट का खेल देश में सबसे लोकप्रिय- रविन्द्र वैष्णव



छुरिया (दावा)। नवयुवक स्टार क्लब ग्राम पंडरीपथरा द्वारा आयोजित रात्रिकालीन प्लास्टिक बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव शामिल हुए। साथ ही मुख्य अतिथि श्री रविन्द्र वैष्णव ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि क्रिकेट का खेल अनिश्चिताओं से भरा हुआ खेल है, और देश का सबसे लोकप्रिय खेल है।

हमें अच्छा खिलाड़ी बनने, परिश्रम और अनुशासन के साथ खेल को खेलना चाहिए, जिससे भविष्य में एक महान खिलाड़ी बन सकें,आज गांवो में अपने खेल का प्रदर्शन कर आज गांवों के खिलाड़ी आईपीएल व अंतराष्ट्रीय मैचों में प्रदर्शन कर रहे हैं। साथ ही श्री वैष्णव ने सभी विजेता खिलाड़ी व उप विजेता टीम को शुभकामनायें प्रेषित किया। इस अवसर पर पत्रकार शिशुपाल साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता कुमार साय, श्रीमती गीता लेखराम बघेल, श्रीमती प्रतिमा पटेल,विजय कुमार साहू, श्रीमती उषा बाई, विजय साहू,गौकरण सिन्हा, देवीलाल साहू, प्रदीप कंवर, देवकुमार,रतनलाल सिन्हा, राकेश ठाकुर, सुरेन्द्र कुमार, गजानंद साहू, राकेश कुमार, दीपक कुंजाम सहित खिलाड़ी साथी सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## पुलिस द्वारा 02 वर्ष पूर्व गुमशुदा युवती को खोज कर मिलाया गया परिजनों से




डोंगरगढ़ (दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अति0पुलिस अधीक्षक राहुल देव शुक्ला एवं एसडीआपी डोंगरगढ़ आशिष कुंजाम के दिशा-निर्देश पर थाना डोंगरगढ़ में लंबित अपराध, मर्ग, गुम इंसान प्रकरण के निकाल हेतु थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक सी0आर0 चन्द्रा द्वारा अभियान चलाकर लगातार गुम इंसानों का पता तलाश कर दस्तयाब किया जा रहा है।

इसी अभियान के तहत गुम इंसान क्रमांक 44/2022 के गुमशुदा उम्र- 20 वर्ष जो दिनांक 12.04.2022 को घर से बिना किसी को बताये कहीं चली गई थी जिसको आज दिनांक- 07.06.2024 को सकुशल बरामद कर दस्तयाब किया गया है। पुछताछ करने पर गुमशुदा द्वारा अपने साथ किसी प्रकार का अपराध घटित होना नहीं बताने पर गुमशुदा को उनके परिजनों को सुपूर्दनामे में दिया गया। जिससे परिजन खुशी जाहिर करते हुये डोंगरगढ़ पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किये है।

# यातायात व्यवस्था को लेकर हटाया गया अतिक्रमण

**डोंगरगढ़ - खैरागढ़ मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वाले दुकानदारों पर की गई कार्रवाई**



**0 शहर के विभिन्न भागों में अतिक्रमण कर यातायात प्रभावित करने वालों में दहशत**
**0 प्रशासन की गई कार्रवाई की प्रशंसा की आम जनों ने**

डोंगरगढ़ (दावा)। लगातार हो रही सड़क दुर्घटना से सबक लेकर प्रशासन द्वारा अतिक्रमणकारियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई से अतिक्रमण करियो में दहशत व्याप्त है। डोंगरगढ़ - खैरागढ़ मुख्य मार्ग पर अतिक्रमणकारियों के कारण यातायात व्यवस्था डगमगा गई है। लगातार कोई ना कोई अप्रिय दुर्घटना का समाचार देखने - सुनने को मिलता रहता है।

आम जनों की सुविधा का ध्यान रखते हुए एसडीएम उमेश पटेल के निर्देश पर नगर पालिका द्वारा खैरागढ़ मुख्य मार्ग पर स्थित नाका पारा क्षेत्र के सड़क किनारे अतिक्रमणकर कर बनाए गए दर्जनों दुकानो पर जेसीबी के माध्यम से अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण हटाने के पूर्व प्रशासन द्वारा प्रभावित दुकानदारों को नोटिस जारी करने की बात कही गई है। अचानक की गई कार्रवाई से प्रभावित लोगों का रोजगार छिन गया है। वही आम जनों ने प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई की सराहना की है।

## दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों एवं श्रमिकों के वेतन दर निर्धारित

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य में प्रभावशील न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 की धारा 2 (घ) में निहित प्रावधानों के आधार पर कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा अनुसूचित नियोजन भाग एक के 45 नियोजन तथा विभिन्न शासकीय विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों के मासिक एवं दैनिक न्यूनतम वेतन तथा परिवर्तनशील महंगाई भत्ता की दरें निर्धारित किया गया है। यह मासिक एवं दैनिक वेतन दरें 1 अप्रैल 2024 से 30 सितम्बर 2024 तक लागू रहेंगी। दैनिक वेतन पाने वाले कर्मचारियों एवं श्रमिकों को अकुशल, अर्धकुशल, कुशल एवं उच्च कुशल वर्ग के कर्मचारियों एवं श्रमिकों को अ, ब एवं स जोन में विभक्त किया गया है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी श्रमायुक्त छत्तीसगढ़ रायपुर खंड-3 द्वितीय तल इन्द्रावती भवन नवा रायपुर तथा वेबसाईट www.cglabour.gov.in से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# ऐसा भी एक स्कूल जहाँ बच्चों से की जाती है अवैध वसूली


बालोद (दावा)। बालोद जिले के डौन्डी लोहारा ब्लॉक् में एक ऐसा भी स्कूल है जहाँ बच्चों से अवैध वसूली का मामला सामने आया है।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिनकापार में कक्षा 12वी में पढ़ने वाले छात्र गणेश कुमार,थामेश कुमार द्वारा हमारे पत्रकार से मुलाकात कर बताया गया कि कुछ महीने पहले विदाई समारोह में 12वी के बच्चो को विद्यालय बुलाया गया था जहाँ कुछ शरारती बच्चो के द्वारा टेबल में उछल कूद की गई एवं बिजली बोर्ड को नुकसान पहुँचाया गया। तकरीबन बारह-तेरह सौ रुपये की छति हुई होगी परंतु स्कूल के प्राचार्य श्री हीरुराम वर्मा द्वारा गणेश एवं थामेश कुमार से 25-25 हजार रुपये की अवैध वसूली की गई।इसी प्रकार छः माह पूर्व कक्षा का ताला टूटने की वजह से जागेस एवं भोपेश से पांच-पांच हजार रुपये व 20-25 बच्चो से पांच-पांच सौ रुपये की वसूली प्राचार्य द्वारा की गई।बताया गया कि जागेस के पिता पांच हजार की व्यवस्था नही कर पाए तो उसे यह कहकर भगा दिया गया कि जब तक पांच हजार नही दोगे तब तक बोर्ड परीक्षा कक्षा12 वी का एडमिट कार्ड नही दिया जाएगा इस तरह जागेस बोर्ड परीक्षा का पेपर देने से वंचित रह गया और उसका यह पूरा साल बर्बाद हो गया। उनके पालकों में भी बहुत रोष है।बता दिया जाए यह वही प्राचार्य है जिन्होंने राजनीतिक पृष्ठभूमि से जुड़े कुछ नेताओं को बुलाकर आचार संहिता के दौरान प्रमाण पत्र एवं स्कॉलरशिप की राशि बटवाई गई थी।दबाव एवं भय की वजह से किसी ने शिकायत करने की कोशिश भी नही की।परन्तु जैसे ही इसकी सूचना बच्चो द्वारा हमारे पत्रकार को दी गई तो निष्पक्षता पूर्वक हमने इस खबर को अपने समाचार पत्र में छापने का निर्णय लिया ताकि शिक्षा के मंदिर को तार-तार कर देने वाले प्राचार्य के खिलाफ सख्त करवाई हो सके और बच्चो को न्याय मिल सके।

# प्रदेश एवं जिले का प्रथम संगीत महाविद्यालय में प्रवेश प्रारंभ



राजा चक्रधर सिंह



खैरागढ़ (दावा)। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से संबद्ध चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र राजनांदगांव संगीत नृत्य के अनुठे आश्रयदाता राजा चक्रधर सिंह जी एवं उनके दरबारी नृत्याचार्य प्रो. कल्याण दास महंत जी के नाम से विगत चालीस वर्षों से संचालित छत्तीसगढ़ राज्य एवं संस्कारधानी राजनांदगांव जिले का प्रथम स्नातक संगीत महाविद्यालय में इस वर्ष से बी.पी.ए. प्रथम वर्ष में एक जून 2024 से 30 जून 2024 तक स्नातक शास्त्रीय गायन, कत्थक नृत्य, तबला, लोक संगीत विषयों में प्रवेश एवं पंजीयन किया जा रहा है।

**0 एक जून से 30 जून तक पंजीयन की तिथि**
**0 इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय से संबद्ध**
**0 बारहवीं उत्तीर्ण छात्रों के लिए सुनहरा अवसर**
**0 रोजगार मूलक डिग्री पाठ्यक्रम बी.पी.ए. (बैचलर ऑफ परफार्मिंग आर्ट)**

ज्ञात हो कि इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के प्रभारी कुलसचिव प्रो. डॉ. नमन दत्त जी के आदेशानुसार पत्र क्रमांक 4468/इं.क.सं.वि./2024 सा.प्र.वि. खैरागढ़ दिनांक 31 मई 2024 के पत्र के परिपालन में 2024-25 प्रवेश संबंधित अधिसूचना निम्नानुसार है।

1. शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए पंजीयन तिथि 01 जून 2024 से प्रारंभ होगी एवं अंतिम तिथि 30 जून 2024 तक निर्धारित है।

2. प्रवेश हेतु प्रथम अभिरूचि परीक्षा 10 से 13 जुलाई 2024 को आयोजित की जावेगी। प्रथम अभिरूचि परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों की सूची दिनांक 16 जुलाई 2024 को जारी की जायेगी एवं प्रवेश शुल्क 17 से 20 जुलाई 2024 तक जमा किया जायेगा।

3. द्वितीय अभिरूचि परीक्षा 23 से 25 जुलाई 2024 को आयोजित की जायेगी। द्वितीय अभिरूचि परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों की सूची दिनांक 26 जुलाई 2024 को जारी की जावेगी एवं प्रवेश शुल्क 27 से 31 जुलाई तक जमा किया जायेगा। उपरोक्त प्रवेश संबंधित लिमिटेड सीट है चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र राजनांदगांव में इच्छुक बारहवीं उत्तीर्ण छात्र-छात्रायें जो संगीत नृत्य में रूचि रखते है। तो वह संस्था के संस्थापक एवं प्राचार्य डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा से फोन नं. 7247721199, 9424128115 में संपर्क कर विशेष जानकारियां प्राप्त कर सकते है।

उपरोक्त जानकारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से संस्था के सर्वेश्वर दास ने दी।

# नक्सल प्रभावित क्षेत्र का होगा कायाकल्प, अनेकों विकास कार्यों से होगा लबरेज

मोहला (दावा)। कलेक्टर श्री एस.जयवर्धन ने जिला कार्यालय सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर नक्सल प्रभावित जिलों के लिए केंद्र सरकार से प्राप्त होने वाली विशेष केंद्रीय सहायता योजना के तहत वर्ष 2024-25 की वार्षिक कार्ययोजना बनाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की। कलेक्टर ने बैठक में विभागीय अधिकारियों से कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र के विकास के लिए विशेष केंद्रीय सहायता योजना अंतर्गत 2026 तक प्रति वर्ष अनेकों विकास कार्यों को मूर्त रुप देने और अग्रणी क्षेत्र बनाने की दिशा में प्रतिवर्ष 30 करोड़ रुपए का राशि स्वीकृत किया जाएगा। स्वीकृत की गई राशि से क्षेत्र में विकास को अमलीजामा पहनाने के लिए पुल-पुलिया, ब्रिज निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पेयजल, उन्नत कृषि, महिला एवं बच्चों के कल्याण के कार्यों को प्राथमिकता दिया जाएगा। मुख्य रूप से पिछड़े क्षेत्र होने के चलते इस क्षेत्र को मुख्य शहरों से जोड़ने के कार्यों को प्राथमिकता दिया जाएगा। जनपद पंचायत, पुलिस विभाग, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, आदिवासी विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, विद्युत विभाग, क्रेडा विभाग, महिला बाल विकास विभाग, कृषि विभाग के माध्यम से बड़े पैमाने पर कार्ययोजना निर्धारित करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को कार्य योजना निर्धारित करते हुए अविलम्ब आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में जिला परियोजना निदेशक अधिकारी हेमंत ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

# कविता साहू ने नीट में हासिल की उपलब्धि



राजनांदगांव (दावा)। खैरागढ़ विकासखंड के ग्राम ठेलकडीह की कविता साहू ने नीट-2024 परीक्षा में कुल 720 अंकों में से 616 अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि अर्जित कर क्षेत्र के लोगों को गौरवान्वित किया है।

कविता के पिता डीहूलाल साहू हेमलता मेडिकल स्टोर्स के संचालक एवं माता श्रीमती हेमलता साहू स्वास्थ्य विभाग में एएनएम के पद पर कार्यरत हैं। बचपन से ही मेधावी छात्रा रहीं कविता ने अपनी इस उपलब्धि से क्षेत्र के लोगों का मान बढ़ाते हुए डॉक्टर बनने के अपने सपने की ओर पहला कदम रख दिया है। ठेलकडीह जैसे छोटे से गांव की यह बेटी डॉक्टर बनकर जल्द ही अपने क्षेत्र और देश के लोगों की सेवा में समर्पित होना चाहती है।

कविता से चर्चा करने पर पता चला कि उसने अपने पहले ही प्रयास में बिना किसी कोचिंग-ट्यूशन के यह सफलता अर्जित की है, जो कि अभूतपूर्व उपलब्धि है, उसका कहना है कि दृढ़ इच्छाशक्ति और कड़ी मेहनत से जीवन में किसी भी लक्ष्य को पाया जा सकता है। कविता के अनुसार उसके प्रेरणा के स्त्रोत उनके पिता डीहूलाल साहू हैं, जिन्हें कविता अपने बचपन से लोगों के स्वास्थ्य सेवा में लगे देखते आ रही हैं। ज्ञातव्य है कि डीहूलाल साहू विगत कई वर्षों से ठेलकडीह में हेमलता मेडिकल स्टोर्स के संचालन के साथ-साथ जनरल प्रैक्टिशनर के रूप में क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करते आ रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने अपनी पत्नी श्रीमती हेमलता साहू को भी स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाया, जो आज स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत है। कविता के बड़े भाई प्रवीण साहू भी एमबीबीएस के द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत हैं।

कविता ने कक्षा 12वीं की पढ़ाई नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल, राजनांदगांव से उत्कृष्ट अंकों से उत्तीर्ण की है, जिसके लिए उन्होंने अनुशासन और लगन से अध्ययन किया। वर्तमान समय में लोगों को स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिसका समय पर उचित निदान उपलब्ध नहीं हो पाता है। ऐसी दशा में डॉक्टर बनकर अपने लोगों को बेहतर इलाज और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने का ध्येय लिए आगे बढ़ना चाहती हैं। क्षेत्र की इस होनहार बालिका की शानदार सफलता पर उनके परिजनों, मित्रों एवं इष्टजनों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय समपार (फाटक) दिवस के अवसर पर चलाया जा रहा है सघन जागरुकता अभियान



डोंगरगढ़ (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय समपार जागरूकता दिवस के अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के विभिन्न समपार फाटक पर ज़ोर शोर से मण्डल रेल प्रबन्धक श्रीमती नमिता त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मण्डल संरक्षा अधिकारी श्री किरण मोहन गजभिये के नेतृत्व में सघन जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। सड़क उपयोगकर्ताओं में सुरक्षित समपार फाटक पार करने के दौरान ली जाने वाली सावधानियों एवं नियमों के प्रति जागरूकता लाने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर द्वारा दिनांक 04 जून 2024 से 10 जून 2024 तक विशेष संरक्षा अभियान चलाया जा रहा है।

अंतरराष्ट्रीय समपार फाटक जागरूकता दिवस के वर्ष 2024 के नारे को साकार करने के लिए मण्डल के सभी समपार फाटकों पर पर्चे बांटकर, बैनर व उद्घोषणा के माध्यम से सड़क उपयोगकर्ताओं को समपार जब बंद हो रहा हो तब जल्दबाजी न करने, मोबाइल/हेडफोन का उपयोग न करने, बंद समपार फाटक की स्थिति में नीचे से अथवा साइड से पार न करने, गेटमैन से मारपीट कर गेट खोलने का प्रयास न करने साथ ही रेल फाटक पार करने से पहले रुकें और दोनों ओर देखें कि कोई ट्रेन या ट्रॉली तो नहीं या रही है इसके बाद ही आगे बढ़ें आदि के बारे में समझाइश देकर सड़क उपयोगकर्ताओ को जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान में आम जनता को भारतीय रेलवे कानून 1989 की धारा 16 के अंतर्गत दंड के प्रावधान से भी अवगत कराया जा रहा है।

# पहला कॉलम...

## बायजू का वैल्यूएशन हुआ जीरो

नई दिल्ली, 07 जून। वित्तीय फर्म एचएसबीसी की ओर से जारी की गई एक रिपोर्ट में बताया गया कि एडटेक कंपनी बायजू का वैल्यूएशन शून्य हो गया है। बता दें, बायजू एक समय देश की बड़ी एडटेक कंपनियों में शामिल थी और इसका वैल्यूएशन करीब 22 अरब डॉलर था। एचएसबीसी ने बायजू में निवेश कर चुकी कंपनी प्रोसस की लगभग 10 प्रतिशत हिस्सेदारी (लगभग 500 मिलियन डॉलर) के मूल्य को शून्य कर दिया है। एचएसबीसी की ओर से नोट में कहा गया कि कानूनी मुकदमेबाजी और फंडिंग की कमी के चलते हमने बायजू में हिस्सेदारी के मूल्य को शून्य कर दिया है। आगे कहा गया कि इससे पहले हमने 10 प्रतिशत हिस्सेदारी को 80 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ लेटेस्ट कंपनी के वैल्यूएशन के हिसाब से रखा था।

## शेयर बाजार में उछाल जारी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिर से केंद्र में बनने जा रहे एनडीए सरकार के नेता के तौर चुने जाने, आरबीआइ के मौजूदा वित्त वर्ष 2024-25 में जीडीपी के अनुमान में बढ़ोतरी और यूरोपीय सेंट्रल बैंक के ब्याज दरों में कटौती के चलते भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार 7 जून 2024 के कारोबारी सत्र में ऐतिहासिक हाई पर जा पहुंचा. सेंसेक्स 1720 अंकों के उछाल के साथ 3 जून के रिकॉर्ड हाई को तोड़ते हुए 76,795 अंकों के नए हाई पर जा पहुंचा. निफ्टी भी अपने पुराने ऐतिहासिक हाई को छूने से कुछ ही फासले की दूरी पर रह गया. आईटी, ऑटो और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर के स्टॉक्स की जोरदार खरीदारी के चलते बीएसई सेंसेक्स 1618 अंकों के उछाल के साथ 76,693 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 469 अंकों के उछाल के साथ 23,290 पर क्लोज हुआ है. आज के ट्रेडिंग सेशन में भारतीय शेयर बाजार में जोरदार उछाल के चलते लगातार तीसरे सेशन में निवेशकों की संपत्ति में उछाल देखने को मिला है. बीएसई पर लिस्टेड स्टॉक्स का मार्केट कैप 423.40 लाख करोड़ रुपये पर क्लोज हुआ है जो पिछले सत्र में 415.89 लाख करोड़ रुपये पर बंद हुआ था. यानि आज के सत्र में निवेशकों की संपत्ति में 7.51 लाख करोड़ रुपये का उछाल देखने को मिला है.

## रूस में चार भारतीय छात्र नदी में डूबे, दो की मौत

नई दिल्ली। भारत से रूस पढ़ने गए छात्रों की मौत हुई है. भारत सरकार के विदेश मंत्रालया के मुताबिक, रूस के वेलिकि नोवगोरोड स्थित यारोस्लाव-द-वाइज़ नोवगोरोड स्टेट यूनिवर्सिटी में सभी छात्र पढ़ रहे थे. एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में चार भारतीय छात्र वोल्खोव नदी में डूब गए. घटना में पांचवें भारतीय छात्र को डूबने से बचा लिया गया और अस्पताल में इलाज चल रहा है. विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी रिपोर्ट में कहा है गया है कि सेंट पीटर्सबर्ग में स्थित हमारा वाणिज्य दूतावास विश्वविद्यालय और स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में है. भारतीय दूतावास मामले में हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है. रिपोर्ट में बताया गया है कि नदी में डूबे चार छात्रों में से स्थानीय इमरजेंसी सेवाओं ने अभी तक वोल्खोव नदी से दो शवों को बरामद कर लिया है. बाकी दो लापता छात्रों की तलाश अभी जारी है. विदेश मंत्रालय ने इस घटना में हताहत हुए परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट किया है. हादसे में शामिल पांचों छात्र महाराष्ट्र के जलगांव जिले के हैं.विदेश मंत्रालय ने कहा कि सेंट पीटर्सबर्ग में स्थित हमारा वाणिज्य दूतावास शवों को भारत लाने के लिए रूस के स्थानीय अधिकारियों के साथ बातचीत कर रहा है. रूस में स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास घटना से जुड़े परिवार के लोगों के साथ संपर्क में है.

## नदी में गिरी स्कूली बच्चों से भरी बस...सात की मौत



दार्कुश : उत्तर-पश्चिमी सीरिया में बृहस्पतिवार को दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। हादसा उस वक्त हुआ जब एक स्कूल बस सड़क से फिसलकर नदी में गिर गई। इस दुर्घटना में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल बताए जा रहे है। मृतकों और घायलों में अधिकांश बच्चे थे। आपात सेवा ने हादसे को लेकर जानकारी दी है। स्थानीय नागरिक सुरक्षा संगठन ने एक बयान में बताया कि यह दुर्घटना इदलिब शहर के पश्चिम में स्थित दार्कुश के पास हुई, स्कूल बस ओरोंटेस नदी में गिर गई।

स्थानीय नागरिक सुरक्षा संगठन ने बयान में कहा गया कि घटना की सूचना मिलने पर बचाव दल के कर्मियों ने छह घंटे तक तलाश अभियान चलाया। अभी यह नहीं पता चल पाया है कि बस नदी में कैसे गिरी। दार्कुश के एक अस्पताल के डॉक्टर अहमद घंडौर ने बताया कि बस में सवार छात्र और शिक्षक अनाथ बच्चों के स्कूल से थे। (एपी)

# कनाडा को मिली पहली जीत, आयरलैंड को 12 रनों से हराया



**न्यूयॉर्क 07 जून (वार्ता) निकोलस कीरटॉ (49) और श्रेयस मोव्वा (37) रनों की शानदार पारियों और उसके गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर टी-20 विश्वकप के 13वें मुकाबले में शुक्रवार को कनाडा ने आयरलैंड से 12 रनों से हराया।**

138 रनों का पीछा करने उतरी आयरलैंड 20 ओवर में सात विकेट पर 125 रन ही बना सकी और 12 रनों से मुकाबला हार गई। टी-20 विश्वकप में कनाडा की यह पहली जीत है। जॉर्ज डॉकरेल और मार्क ऐडेयर ने आयरलैंड को मैच में वापसी तो कराई लेकिन जीत नहीं दिला सके। मार्क ऐडेयर ने 24 गेंदो में सर्वाधिक 34 रन बनाये। वहीं जॉर्ज डॉकरेल 23 गेंदों में 30 रन बनाकर नाबाद रहे। एंडी बैलबर्नी (17), कप्तान पॉल स्टर्लिंग (9) और लोर्कान टकर (10) रन बनाकर आउट हुये। कनाडा की ओर से जेरमी गॉर्डन और डिलन हेलिगर ने दो-दो विकेट लिये। जुनैद सिद्दीकी और साद बिन जफर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले कनाडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आयरलैंड को जीत के लिए 138 रनों का लक्ष्य दिया था।

आज यहां नैसो काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी कनाडा की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओर में नवनीत धालीवाल (6) का विकेट गवां दिया। पांचवें ओवर में ऐरन जॉनसन (14) पर पवेलियन लौट गये। सातवें ओवर में क्रेग यंग ने परगट सिंह (18) को अपना शिकार बनाया। नौवें ओवर में दिलप्रीत सिंह (7) रन बनाकर आउट हुये। इस समय टीम का स्कोर चार विकेट पर 53 रन था। इसके बाद निकोलस क्रीटो और श्रेयस मोव्वा ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच 75 रनों की साझेदारी हुई। निकोलस क्रीटो ने 35 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए 49 रनों की पारी खेली। श्रेयस मोव्वा (37) पारी की आखिरी गेंद पर रन आउट हुये। कनाडा ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 137 रन बनाये।

आयरलैंड की ओर से क्रेग यंग और बैरी मक्कार्थी ने दो-दो विकेट लिये। मार्क ऐडेयर और गैरेथ डेलेनी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# गेंदबाजों को विकेट न मिलने से दबाव बढ़ा और हम लक्ष्य का बचाव नहीं कर पाये- बाबर



डलास 07 जून (वार्ता) पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम अमेरिका के खिलाफ मिली हार पर कहा कि गेंदबाजों को विकेट न मिलने के कारण हम दबाव में आ गये और 160 के लक्ष्य का बचाव नहीं कर पाये। मैच के बाद बाबर ने कहा, पहले छह ओवरों के दौरान तेज गेंदबाजो को मदद मिल रही थी, लेकिन बाद में ऐसा नहीं था। सुबह साढ़े दस बजे मैच शुरू होने के कारण यह तो तय था कि तेज गेंदबाजों को मदद मिलेगी। विपक्षी गेंदबाजों ने इसका फायदा उठाया। दूसरी पारी के दौरान भी थोड़ी मदद तो थी, लेकिन हमने सही क्षेत्र में गेंदबाजी नहीं की। बाद के ओवरों में हमने वापसी का प्रयास किया लेकिन तब तक उन्हें मोमेंटम मिल चुका था। हमारे पास जैसे गेंदबाज हैं, हमें इस लक्ष्य का बचाव करना चाहिए था। हमने पहले छह ओवरों में विकेट नहीं लिए। बीच के ओवरों में स्पिनरों को भी विकेट नहीं मिला, जिससे दबाव हम पर आ गया। 10 ओवरों के बाद हमने वापसी जरूर की, लेकिन सुपर ओवर में जिस तरह से अमेरिका की टीम ने प्रदर्शन किया, उन्हें इसका श्रेय जाता है।

# बीसीसीआई ने किया 10 डोमेस्टिक टूर्नामेंट का ऐलान

नई दिल्ली। आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 को लेकर सिर्फ भारत में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में जबरदस्त क्रेज देखा जा रहा है। इस आईसीसी टूर्नामेंट का आयोजन अमेरिका और वेस्टइंडीज में हो रहा है। भारतीय टीम ने विश्व कप का पहला मैच आयरलैंड के खिलाफ खेला था, जिसमें टीम इंडिया की जीत हुई थी। अब भारत को अपना दूसरा मैच पाकिस्तान के खिलाफ खेलना है। यह मैच 9 जून को अमेरिका के नासाऊ काउंटी क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा, इस कड़ी में बीसीसीआई ने 10 डोमेस्टिक टूर्नामेंट का ऐलान कर दिया है।



बीसीसीआई ने साल 2024-2025 में भारत में होने वाले तमाम डोमेस्टिक टूर्नामेंट का शेड्यूल जारी कर दिया है। इन टूर्नामेंट में देशभर के सैकड़ों खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। आपको बता दें कि इन टूर्नामेंट में एक टूर्नामेंट सीके नायडू ट्रॉफी भी होने वाला है, जिसमें टॉस भी नहीं होगा। इन मैचों में उस टीम के पास पहले गेंदबाजी या बल्लेबाजी चुनने का विकल्प होगा, जो मेहमान टीम होगी। मेजबान टीम को इस टूर्नामेंट में थोड़ा त्याग करना होगा। मेजबान टीम के पास पहले गेंदबाजी या फिर पहले बल्लेबाजी चुनने का विकल्प नहीं होगा, ऐसे में यह भी देखने वाली बात होगी कि बीसीसीआई के इस नए नियम का क्या प्रभाव पड़ता है।

# बैरिंगटन, लीस्क के दम पर स्कॉटलैंड ने नामीबिया को पहली बार हराया



ब्रिजटाउन (बारबाडोस)। कप्तान रिची बैरिंगटन और माइकल लीस्क के शानदार प्रदर्शन की बदौलत स्कॉटलैंड ने नामीबिया को शुक्रवार को पांच विकेट से हराकर टी 20 विश्व कप में अपनी पहली जीत दर्ज की।

कप्तान गेरहार्ड इरस्मस के 31 गेंदों में 52 रन की बदौलत नामीबिया ने 155/9 का लड़ने लायक स्कोर बनाया। बैरिंगटन के 35 गेंदों पर नाबाद 47 और लीस्क के 17 गेंदों पर 35 रन की बदौलत स्कॉटलैंड ने नौ गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। यह स्कॉटलैंड की नामीबिया के खिलाफ पहली टी 20 जीत है जिससे वह अब आईसीसी रैंकिंग में अफ्रीकी देश से ऊपर चला जाएगा। नामीबिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। हालांकि आसमान पर बादल छाये हुए थे। स्कॉटलैंड ने गेंद से शानदार शुरुआत की। ब्रैड व्हील ने जेपी कोट्ज़े को शून्य पर आउट कर दिया। पावरप्ले में दो और विकेट गिरे, जब जान फ्राइलिनक (12) को ब्रैड करी ने बोल्ड किया और निकोलस डेविन (20) क्रिस सोल की गेंद पर कैच आउट हुए। ज़ेन ग्रीन (27 में से 28) और डेविड विसे (13 में से 14) ने स्कॉटलैंड की प्रभावशाली गेंदबाजी का विरोध किया, लेकिन नामीबिया को देर से रन बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा, केवल इरस्मस को कुछ प्रवाह मिला, जिससे उनकी टीम ने कुल 155/9 का स्कोर बनाया।

स्कॉटलैंड के लक्ष्य का पीछा जॉर्ज मुन्से (15 में 7) के टैंगेनी लुंगामेनी के हाथों जल्दी गिरने से शुरू हुआ। इसके बाद इरस्मस ने आठवें ओवर में माइकल जोन्स (20 में से 26) को आउट कर दिया और स्कॉटलैंड का स्कोर 49/2 हो गया। नामीबिया के कीपर ज़ेन ग्रीन द्वारा ब्रैंडन मैकमुलेन को आउट करने के लिए की गई एक चतुर स्टंपिंग ने गति बदल दी।जब 11वें ओवर में मैथ्यू क्रॉस एलबीडब्ल्यू (5 में 3) आउट हो गया, तो नामीबिया होड़ में बना रहा। हालाँकि, बेरिंगटन ने 13वें ओवर की समाप्ति पर लगातार चौके लगाए और स्कॉटलैंड को वापस पटरी पर ला दिया। लीस्क ने अगले ओवर में छक्का जड़कर स्कॉटलैंड को 100 रन के पार पहुंचाया। 17वें ओवर में 19 रन से स्कॉटलैंड नामीबिया पर अपनी पहली टी20 जीत के करीब पहुंच गया, जिसमें साझेदारी 50 रन से अधिक हो गई। लीस्क को अगले ओवर में आउट कर दिया गया और बेरिंगटन ने दूसरे-आखिरी ओवर में छक्का मारकर मैच समाप्त कर दिया।

# प्राग्नानंदा, वैशाली हारे ; कार्लसन, तिंगजी ने महत्वपूर्ण जीत हासिल की

स्टावेंजर (नॉर्वे)। नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट रोमांचक फिनिश की तरफ बढ़ रहा है। टूर्नामेंट के नौवें राउंड में सभी क्लासिकल बाजियां ड्रा रहीं और विजेता का फैसला आर्मगेडन टाई-ब्रेकर के जरिये हुआ। भारत के प्राग्नानंदा आर को फाबियानो कारूआना के खिलाफ आर्मगेडन में हार झेलनी पड़ी।



प्राग्नानंदा के पास इस हार के बावजूद खिताब जीतने का मौका है। उन्हें आखिरी राउंड में हिकारू नाकामूरा को हराना होगा और उम्मीद करनी होगी कि स्थानीय हीरो मैग्नस कार्लसन अपनी बाजी कारूआना से हार जाएं। पांच बार के विश्व चैंपियन कार्लसन ने नौवें राउंड में अलीरेजा फ़िरोजा पर आर्मगेडन में जीत से अपनी बढ़त बढ़ा ली है। इसका मतलब है कि कार्लसन के लिए फ़ाइनल राउंड में जीत खिताब पर उनका कब्ज़ा पूरी तरह सुनिश्चित कर देगी।

नाकामूरा, जो मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन से आर्मगेडन में हार गए, को काले मोहरों से खेलने के बावजूद प्राग्नानंदा के खिलाफ जीत की उम्मीद करनी होगी ताकि वह भी खिताब के लिए अपनी दावेदारी पेश कर सकें। इस बीच महिला टूर्नामेंट में दिन की एकमात्र क्लासिकल जीत लेई तिंगजी की वैशाली आर के खिलाफ बाजी में रही। चीनी ग्रैंडमास्टर ने सफ़ेद मोहरों से खेलते हुए 30 चालों में जीत दर्ज की और फ़ाइनल राउंड में खिताब जीतने के अपने मौके बढ़ा लिए। महिला विश्व चैंपियन जू वेन्जुन ने आर्मगेडन में कोनेरू हम्पी को हराकर डेढ़ अंक की बढ़त बना ली है। अन्ना मुजीचुक ने पिया क्रैमलिंग पर टाई ब्रेक में जीत हासिल की। टूर्नामेंट में एक राउंड शेष रहते वेन्जुन, तिंगजी और मुजीचुक के बीच केवल डेढ़ अंक का फासला है और टूर्नामेंट रोमांचक फिनिश की तरफ बढ़ रहा है।

# यमन के हूतियों ने U N की टीम पर किया बड़ा हमला

दुबई: यमन के हूतियों ने इस बार सीधे संयुक्त राष्ट्र को चुनौती दी है। हूती विद्रोहियों ने संयुक्त राष्ट्र की टीम के 9 कर्मचारियों पर हमला करने के बाद उन्हें बंधक बना लिया है। बता दें कि गाजा पर इजरायली हमले के विरोध में उतरे हूतिये लाल सागर में लगातार आतंक का पर्याय बने हैं और वह विभिन्न देशों की जहाजों को निशाना बना रहे हैं। इसी कड़ी में अब बढ़ते वित्तीय दबाव और अमेरिका के नेतृत्व वाले गठबंधन से हवाई हमलों का सामना कर रहे हूती विद्रोहियों ने संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के कम से कम नौ यमनी कर्मचारियों को अस्पष्ट परिस्थितियों में बंधक बना लिया है।



अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी तो संयुक्त राष्ट्र तक खलबली मच गई। अधिकारियों ने कहा कि सहायता समूहों के लिए काम करने वाले अन्य लोगों को भी बंधक बनाए जाने की आशंका है। ये घटना ऐसे समय हुई है जब हूती विद्रोहियों ने लगभग एक दशक पहले यमन की राजधानी पर कब्जा कर लिया था और उसके बाद से ही सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन के साथ लड़ रहे हैं। हूती विद्रोहियों ने गाजा पट्टी में इजराइल-हमास युद्ध को लेकर लाल सागर गलियारे में जहाजों को निशाना बनाया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हालांकि अधिक ध्यान आकर्षित करने के साथ-साथ इस गुप्त समूह ने घरेलू स्तर पर असहमति के खिलाफ भी कार्रवाई की है, जिसमें हाल ही में 44 लोगों को मौत की सजा सुनाना भी शामिल है। क्षेत्रीय अधिकारियों ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर एसोसिएटेड प्रेस से कहा कि संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों में काम करने वाले कर्मचारियों को बंधक बनाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार एजेंसी, इसके विकास कार्यक्रम, विश्व खाद्य कार्यक्रम के कर्मचारी तथा इसके विशेष दूत के कार्यालय में काम करने वाला एक व्यक्ति शामिल है।

# प्रथम पेज का शेष

***मोदी मंत्रिमंडल के लिए ...***

नियुक्त किया जाना है। ऐसे में शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल का केंद्रीय राजनीति में जाने के बाद उनकी जगह भी मंत्री नियुक्त करना पड़ेगा। बृजमोहन की भरपाई करने की तैयारी- वर्तमान में साय कैबिनेट में सबसे अनुभवी व संसदीय ज्ञान के जानकार बृजमोहन अग्रवाल हैं। वह रायपुर से सांसद निर्वाचित हो चुके हैं। ऐसे में उनकी यह जगह खाली होने से साय कैबिनेट में अनुभवी मंत्री की जरूरत होगी। अगर संसदीय ज्ञान में अनुभवी के रूप में देखें तो बृजमोहन अग्रवाल के अलावा कुरूद के विधायक व पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर हैं। ऐसे में पार्टी को संसदीय ज्ञाता के रूप में भी चंद्राकर के नाम पर विचार करना पड़ सकता है। इसके अलावा अनुभवी विधायक में पूर्व मंत्री राजेश मूणत व अमर अग्रवाल का नाम भी सामने आ रहा है। हालांकि साय कैबिनेट में मंत्री बनने के दावेदारों में धरमलाल कौशिक, लता उसेंडी, रेणुका सिंह के नामों पर भी चर्चा है।

रायपुर-दक्षिण के उत्तराधिकारी पर चर्चा- बृजमोहन अग्रवाल के सांसद बनने के बाद रायपुर-दक्षिण विधानसभा सीट रिक्त हो गई है। ऐसे में अगले छह महीने के भीतर इस सीट पर भी उप चुनाव कराया जाएगा। इसके लिए भाजपा-कांग्रेस दोनों की तरफ से दावेदारों की चर्चा जोरों पर है। बृजमोहन की सीट पर उत्तराधिकारी कौन होगा, इसे लेकर चर्चा आम है। इस सीट भाजपा की ओर प्रदेश भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, पूर्व सांसद सुनील कुमार सोनी, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता, अनुराग अग्रवाल, मृत्युंजय दुबे और मीनल चौबे के नाम प्रमुख दावेदारों में है। वहीं कांग्रेस की तरफ से भी पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, महापौर एजाज ढेबर, ज्ञानेश शर्मा, कन्हैया अग्रवाल, आकाश शर्मा दावेदार हैं।


***राहुल गांधी को दो हफ्ते के...***

के पद खाली होने की स्थिति में सदस्य चुनाव आयोग को इस्तीफा भेज सकते हैं। ऐसे में दोनों सीटें खोने का खतरा होता है उन्होंने कहा कि यदि सदस्य दो सीटों में से एक से इस्तीफा नहीं देता है, तो उसे दोनों सीटें खोने का खतरा होता है। नई लोकसभा में कांग्रेस की सीटें 99 हैं, जिसमें राहुल गांधी की वायनाड और रायबरेली दोनों सीटें शामिल हैं। चुनाव आयोग की कानूनों में संशोधन करने के लिए सरकार से मांग- चुनाव आयोग लोगों को दो सीटों से चुनाव लड़ने से रोकने के लिए कानूनों में संशोधन करने के लिए सरकार से मांग की थी। आयोग ने कहा था कि उपचुनाव की आवश्यकता वाली सीट खाली करने वाले उम्मीदवार से राज्य के खजाने में उचित राशि जमा कराने का प्रविधान किया जाए।

***छत्तीसगढ़ में आज जून को ...***

ओरछा-कवर्धा में 5 सेमी, दरभा-मुंगेली में 3 सेमी, बोढला-पिथौरा-जगदलपुर में 2 सेमी बारिश हुई। इसके साथ ही प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में भी हल्की बारिश हुई। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि आने वाले दिनों में भी प्रदेश में मौसम का मिजाज ऐसे ही रहेगा। विशेषकर बस्तर क्षेत्र में तो बारिश के आसार बने हुए हैं।

# कार्लोस अल्काराज ने सेमीफाइनल में जानिक सिनर को दी मात, पहली बार खिताबी मुकाबले में किया प्रवेश



पेरिस। स्पेन के युवा खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को सेमीफाइनल में जानिक सिनर को हराकर पहली बार वर्ष के दूसरे ग्रैंडस्लैम फ्रेंच ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। अल्काराज इसके साथ ही तीन सतह पर ग्रैंडस्लैम के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। अल्काराज ने 2022 में हार्ड कोर्ट पर यूएस ओपन, 2023 में घासियाले कोर्ट पर विंबलडन जीता था और अब रोलां गैरो में लाल बजरी पर चैंपियनशिप के लिए खेलेंगे।

विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी अल्काराज ने सिनर को 2-6, 6-3, 3-6, 6-4, 6-3 से मात दी। रविवार के खेले जाने वाले पुरुष सिंगल्स वर्ग के फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज का सामने चौथी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव और सातवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड में से किसी एक की चुनौती होगी।

### पिछड़ने के बाद की शानदार वापसी

अल्काराज ने सेमीफाइनल मुकाबले में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की। उन्होंनें मैच के दौरान जकड़न और दर्द से निपटने के लिए ब्रेक लेकर अपने ट्रेनर की मदद ली। सिनर ने पहला सेट जीतने के बाद दूसरे सेट में 2-0 की बढ़त के साथ अच्छी स्थिति में थे, लेकिन अल्काराज ने इसके बाद शानदार वापसी की। उनके ड्रॉप शॉट और कर्लिंग लॉब्स का सिनर के पास कोई जवाब नहीं था। जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतने वाले सिनर ने 2024 में ग्रैंडस्लैम खेल में 13-0 के रिकॉर्ड के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। वह इस हार के बावजूद अगले सप्ताह जारी होने वाली एटीपी रैंकिंग में पहली बार शीर्ष पर पहुंच जाएंगे। 24 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता नोवाक जोकोविच पहले ही इस टूर्नामेंट से हट चुके हैं और लाल बजरी के बादशाह स्पेन के राफेल नडाल पहले ही दौर में इस टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे, ऐसे में अल्काराज के पास अपना प्रभाव छोड़ने का शानदार अवसर होगा।

# सुमित नागल का शानदार प्रदर्शन, एटीपी 100 चैलेंजर्स के सेमीफाइनल में पहुंचे



नई दिल्ली। भारत के शीर्ष रैंकिंग के सिंगल्स खिलाड़ी सुमित नागल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एटीपी 100 चैलेंजर टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। नागल ने विश्व रैंकिंग में 95वें स्थान पर काबिज नागल ने रूस के इवान गखोव को सीधे सेटों में शिकस्त दी। नागल ने रूसी खिलाड़ी को 82 मिनट तक चले मुकाबले में 6-1, 7-6 से हराकर सेमीफाइनल का टिकट कटाया।

नागल ने मैच के बाद कहा, मैं पिछले साल के आखिरी महीनों से अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेल रहा हूं। इससे पहले मैं कूल्हे की सर्जरी के कारण लगभग डेढ़ साल तक खेल से दूर था। साल 2022 के आखिर से मैं बिना परेशानी या दर्द के खेल रहा हूं।

नागल पेरिस ओलंपिक में सिंगल्स स्पर्धा के लिए क्वालीफाई करने के लिए अपनी रैंकिंग को बेहतर करने की कोशिश कर रहे है। ओलंपिक में पुरुषों का ड्रा 64 खिलाड़ियों का होगा। नागल ने फ्रेंच ओपन के पहले दौर में कारेन खाचानोव के हाथों मिली से उबरते हुए 120,000 यूरो ( लगभग एक करोड़ आठ लाख रुपये) पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में अब तब शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने गखोव के खिलाफ पहले सेट में दमदार प्रदर्शन किया। रूस के खिलाड़ी ने दूसरे सेट में वापसी करते हुए नागल को कड़ी टक्कर दी, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने अहम मौकों पर धैर्य और अनुभव का अच्छा इस्तेमाल कर दबाव को हावी नहीं होने दिया।

# गुस्से में रवीना टंडन



1 जून की रात रवीना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा. बताया गया कि रवीना का ड्राइवर लापरवाह तरीके से गाड़ी चला रहा था और उसने कार्टर रोड पर तीन लोगों को टक्कर मार दी. आरोप ये भी लगा कि रवीना नशे की हालत में थीं और उन्होंने पीड़ितों के साथ दुर्व्यवहार किया और मारपीट की. बॉलीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन हाल ही में विवाद के बीच फंसी नजर आईं. उनका एक चौंकाने वाला वीडियो सामने आया जिसमें वो कुछ लोगों के बीच फंसी, उनसे बहस करती नजर आ रही थीं. रवीना पर बांद्रा इलाके में तीन लोगों के साथ गाली-गलौच और मारपीट करने का आरोप भी लगा.

इस पूरे मामले के दौरान रवीना पर भी कुछ लोग हमलावर होते दिखे. मगर अब रवीना ने इस मामले पर अपनी चुप्पी तोड़ी है और उन्होंने अपना सपोर्ट करने वालों को शुक्रिया कहा है.

रवीना के साथ क्या हुआ था ?

1 जून की रात रवीना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा. बताया गया कि रवीना का ड्राइवर लापरवाह तरीके से गाड़ी चला रहा था और उसने कार्टर रोड पर तीन लोगों को टक्कर मार दी. वीडियो में रवीना का गाड़ी रिवर्स होती नजर आई और तीन महिलाएं उसके पास खड़ी थीं.

आरोप ये भी लगा कि जब ये घटना हुई तो रवीना नशे की हालत में थीं और उन्होंने कार से निकलकर पीड़ितों के साथ दुर्व्यवहार किया और मारपीट की. अलग-अलग कई वीडियोज में लोग रवीना का वीडियो बनाते दिखे और वो लोगों के बीच फंसी नजर आईं. लेकिन बाद में इस पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया, जिसमें साफ दिखा कि रवीना की कार ने पीड़ितों को छुआ तक नहीं. उन्होंने या उनके ड्राईवर ने किसी भी तरह से पीड़ितों को नुकसान पहुंचाने की भी कोशिश नहीं की.

रवीना ने तोड़ी चुप्पी

अब रवीना ने इस मामले पर चुप्पी तोड़ी है. अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर रवीना अपने ऊपर लगे आरोपों की सच्चाई सामने आने तक लगातार साथ बने रहे फैन्स और सेलेब्स की शुक्रगुजार नजर आईं. उन्होंने लिखा, इस भावुक कर देने वाले प्यार, विश्वास और सपोर्ट के लिए आपका शुक्रिया! कहानी का सार ? अब निकलवाओ डैशकैम और सीसीटीवी! रवीना टंडन की पोस्ट


रिपोर्ट्स बताती हैं कि इस मामले में रवीना और आरोप लगाने वालों के बीच आपसी समझौते से मामला सुलझा लिया गया और कोई पुलिस एक्शन नहीं हुआ. रवीना के मामले पर, मुंबई के जोन 9 डीसीपी राज तिलक रोशन ने बताया था, रवीना अपने घर आ रही थीं. उनकी गाड़ी रिवर्स में थी. पीछे जो महिला आ रही थीं वो गुस्से में आ गईं. उसने ड्राइवर से कहा कि ध्यान से चलाओ. उस महिला को गाड़ी ने टच तक नहीं किया पर वो गुस्से में आकर काफी खराब बोलने लगीं. रवीना जब बाहर आईं तो बहस शुरू हो गई. हमारे पास अभी कोई कम्प्लेंट दर्ज नहीं हुई है. किसी भी पार्टी ने कम्प्लेंट नहीं कराई है. किसी को चोट लगने की खबर भी नहीं मिली है.

# एक्ट्रेस को लगा लाखों का चूना



मीरा ने कहा कि मैं काफी समय से अपने पैसे आने का इंतजार कर रही हूं. न जाने कितने महीने से भागा-दौड़ी कर रही हूं कि पैसे मिल जाएं. मैंने महेश पांडे के खिलाफ पुलिस में कम्प्लेंट भी कराई है. CINT को भी अप्रोच किया है. टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस मीरा देवस्थले सुर्खियों में आ गई हैं. चार साल पहले, साल 2020 में कलर्स टीवी पर 'विद्या' सीरियल आया था. इसे महेश पांडे ने प्रोड्यूसर किया था. चार साल से मीरा अपने पैसों के लिए महेश पांडे के ऑफिस के चक्कर काट रही हैं. हाल ही में एक इंटरव्यू में मीरा ने पूरा किस्सा बताया. साथ ही बताया कि आखिर उनका कितना पैसा अबतक उन्हें मिला नहीं है. मीरा ने सुनाई आपबीती मीरा ने कहा कि मैं काफी समय से अपने पैसे आने का इंतजार कर रही हूं. न जाने कितने महीने से भागा-दौड़ी कर रही हूं कि पैसे मिल जाएं. मैंने महेश पांडे के खिलाफ पुलिस में कम्प्लेंट भी कराई है. अबतक मेरे पूरे पैसे मुझे मिले नहीं हैं. शो साल 2020 मार्च में खत्म हुआ था. अबतक मैं अपने पैसे आने का इंतजार कर रही हूं.प्रोडक्शन हाउस को मेरे अभी 3,78,000 रुपये देने हैं. पहले 8 लाख देने थे, लेकिन कुछ पैसा बीच में उन्होंने मुझे दिया. जब साल 2022 जुलाई में मैंने CINT को अप्रोच किया, तब उन्होंने जाकर मेरे कुछ पैसे दिए. मई 2023 में मैंने महेश पांडे के खिलाफ पुलिस में शिकायत भी दर्ज की थी. पर कुछ नहीं हुआ. महेश ने मेरे मैसेज और कॉल्स का रिप्लाई करना छोड़ दिया है. मेरा अबतक ञष्ठस् भी नहीं दिया है. जो पेनल्टी की वजह से लगातार बढ़ता ही जा रहा है. आर्थिक रूप से मैंने काफी परेशानियां झेली हैं. मैं परिवार में इकलौती हूं जो कमाती हूं. मेरे लिए एक रुपये भी मायने रखता है. मैं अपने ही पैसों की भीख मांग रही हूं. एक आर्टिस्ट जब दूसरा शो करना शुरू करता है तो उसके बीच में वो थोड़ा गैप लेता है. उस दौरान मेरी सेविंग्स भी खत्म हो गईं. बता दें कि मीरा को आखिरी बार सीरियल 'कुछ रीत जगत की ऐसी है' में देखा गया था. महेश पांडे ने अपना पक्ष रखते हुए कहा- मैंने मीरा को 83 लाख रुपये दे चुका हूं. वो भी जीएसटी के साथ. अगर मेरे मन में कोई चालाकी होती तो मैं उसको उसके 83 लाख रुपये नहीं देता. सिर्फ 3 लाख रुपये देता. मेरा शो 'विद्या' फ्लॉप रहा. अचानक से उसको बंद करना पड़ा, जिसके चलते मुझे 4 करोड़ का नुकसान हुआ. तब भी मैंने उसके पैसे दिए. आखिरी के 3 लाख रुपयों के लिए मीरा ने CINT को इन्वॉल्व कर लिया.

# थप्पड़ कांड पर चुप बॉलीवुड



कंगना बोलीं- आतंकी हमले का जश्न मनाने वालों तुम्हारे साथ भी होगा... सोशल मीडिया पर कंगना के साथ हुई घटना की लोगों ने निंदा की है. फैंस एक्ट्रेस के सपोर्ट में उतरे हैं. लेकिन अभी तक फिल्म इंडस्ट्री से किसी का रिएक्शन इस मामले में नहीं आया है. इससे कंगना बेहद आहत हैं. उन्होंने इंस्टा स्टोरी पर एक पोस्ट लिख इंडस्ट्री के लोगों को कॉल आउट किया है. हालांकि बाद में एक्ट्रेस ने ये पोस्ट डिलीट कर दी. बॉलीवुड एक्ट्रेस और 'मंडी' की सांसद कंगना रनौत के साथ गुरुवार को एक शॉकिंग घटना हुई. पहली बार सांसद बनने के बाद वो दिल्ली जा रही थीं. लेकिन जब वो चंडीगढ़ एयरपोर्ट पहुंचीं तो वहां CISS की महिला जवान कुलविंदर कौर ने उनके साथ गालीगलौच की और थप्पड़ मारा. महिला को सस्पेंड कर दिया गया है. कंगना ने उनके साथ हुई बदसलूकी पर गुस्सा जाहिर किया है. इंडस्ट्री पर भड़कीं कंगना सोशल मीडिया पर कंगना के साथ हुई घटना की लोगों ने निंदा की है. फैंस एक्ट्रेस के सपोर्ट में उतरे हैं. लेकिन अभी तक फिल्म इंडस्ट्री से किसी का रिएक्शन इस मामले में नहीं आया है. इससे कंगना बेहद आहत हैं. उन्होंने इंस्टा स्टोरी पर एक पोस्ट लिख इंडस्ट्री के लोगों को कॉल आउट किया है. हालांकि बाद में एक्ट्रेस ने ये पोस्ट डिलीट कर दी. इसमें कंगना ने लिखा था- डियर फिल्म इंडस्ट्री आप सभी लोग या तो एयरपोर्ट पर मुझ पर हुए हमले को सेलिब्रेट कर रहे हैं या फिर इस पर पूरी तरह चुप्पी साधे हुए हैं. लेकिन याद रखना अगर कल को आप अपने देश की किसी सड़क पर या दुनिया में कहीं और चल रहे होंगे, तब कुछ इजरायली/फिलिस्तानी आप या आपके बच्चे पर हमला करते हैं...बस इसलिए क्योंकि आप सभी राफा के लिए खड़े थे, इजरायली होस्टेज के समर्थन में थे...तब आप देखेंगे मैं आपके बोलने की आजादी के लिए लड़ूंगी... अगर किसी दिन आपको लगे कि मैं क्यों, मैं कहां हूं, तो याद रखना आप मैं नहीं... एक्ट्रेस ने दूसरी पोस्ट में लिखा- 'ऑल आइज ऑन राफा' गैंग ये आपके और आपके बच्चों के साथ भी हो सकता है. जब आप किसी पर आतंकी हमले को सेलिब्रेट करते हैं. उस दिन के लिए तैयार हो जाओ जब ये सब आपके साथ होगा. कंगना के साथ क्या हुआ था ? कंगना को चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर 35 साल की कुलविंदर ने थप्पड़ जड़ा था. वो पिछले 15 सालों से CISS में कार्यरत है. जानकारी के मुताबिक, कंगना ने अभी इस मामले में कोई एफआईआर दर्ज नहीं कराई है. आरोपी महिला कर्मी कंगना के किसान आंदोलनकारियों पर दिए पुराने बयान से नाराज थी. महिला जवान का एक वीडियो वायरल है जिसमें उसने कहा कि कंगना ने 2020 में कहा था किसान आंदोलन में प्रदर्शन कर रही महिलाओं को 100-200 रुपये दिए जाते हैं. उस प्रदर्शन में मेरी मां भी वहां बैठी थी. दूसरी तरफ, इस घटना के बाद कंगना ने पंजाब में बढ़ती आतंकी सोच पर चिंता जताई है.

# पहले से ज्यादा ग्रैंड होगा बिग बॉस ओटीटी 3



इंडिया के सबसे बड़े रियलिटी शो में शुमार बिग बॉस ओटीटी 3 जल्द ही शुरू होने वाला है. शो को लेकर फैंस के बीच जबरदस्त एक्साइटमेंट है. मेकर्स ने इस बार बीबी ओटीटी 3 में कई बदलाव किए हैं. जानिए कब, कहां देख सकेंगे शो ? बस चंद दिन का इंतजार...और फिर शुरू होगा फैंस का फेवरेट शो बिग बॉस ओटीटी 3. जी हां, बिग बॉस ओटीटी अपने नए सीजन के साथ इसी महीने धमाकेदार वापसी करने जा रहा है. शो को लेकर जबरदस्त बज बन चुका है. इस साल बिग बॉस ओटीटी पिछले बाकी सीजन्स से ज्यादा ग्रैंड और धांसू होने वाला है. मेकर्स ने शो को हिट बनाने के लिए पूरी तैयारी कर ली है. इस साल बिग बॉस ओटीटी 3 में कई बादलाव किए हैं. आइए जानते हैं इस बार शो में क्या खास और अलग होगा. सलमान नहीं, अनिल लगाएंगे कंटेस्टेंट्स की क्लास इस साल सलमान खान नहीं, बल्कि बॉलीवुड के झकास एक्टर अनिल कपूर को शो होस्ट करने की जिम्मेदारी मिली है. ये पहली बार होगा जब अनिल कपूर किसी रियलिटी शो को होस्ट करते दिखेंगे. फैंस के लिए ये काफी रिफ्रेशिंग होने वाला है. लेकिन सलमान खान की गैरमौजूदी में अनिल अपनी होस्टिंग से फैंस को कितना इंप्रेस कर पाते हैं, ये देखना काफी दिलचस्प होगा. समर्थ ने क्यों ठुकराए ऑफर ? कब और कहां देखें बिग बॉस ओटीटी 3 ? बिग बॉस ओटीटी 3 को आप जियो सिनेमा की ऐप पर देख सकेंगे. लेकिन इस साल शो देखने के लिए ऑडियंस को पैसे खर्च करने होंगे. सब्सक्रिप्शन प्लान लेकर ही बीबी ओटीटी 3 को एन्जॉय कर पाएंगे. हालांकि, पिछले साल ये शो बिल्कुल फ्री था, लेकिन इस बार ऐसा नहीं है. शो की डेट अभी सामने नहीं आई है, लेकिन इतना कंफर्म है कि बीबी ओटीटी 3 इसी महीने ऑन एयर होगा.

# दिलचस्प है 'मुंज्या', डर से उछलने पर करेगी मजबूर

प्रोड्यूसर दिनेश विजान ने हॉरर कॉमेडी जॉनर को ऐसा पकड़ा है कि दर्शकों को मजा ही आ गया है. 'स्त्री' और 'भेड़िया' जैसी फिल्मों को लाने के बाद अब दिनेश, डायरेक्टर आदित्य सरपोतदार के साथ मिलकर फिल्म 'मुंज्या' लेकर आए हैं. भूत-बेताल की कहानियां बचपन में हम सभी ने खूब सुनी हैं, लेकिन बॉलीवुड के इससे नाता ज्यादा खास नहीं रहा. इसी ट्रेंड को तोड़ते हुए अब 'मुंज्या' के मेकर्स ने अपनी फिल्म एक डरावनी लेकिन मजेदार लोककथा को दिखाया है. फिल्म की कहानी 1952 से शुरू होती है. एक छोटे गांव में गोट्या नाम का एक लड़का अपनी मां (श्रुति मराठे) से मार खा रहा है. गोट्या की मां उसके डंडी से मार रही है, क्योंकि वो खुद से 7 साल बड़ी लड़की मुन्नी के प्यार में है. मुन्नी की शादी होती है और दूसरी तरफ गोट्या का जनेऊ संस्कार. लेकिन उसके बाद कुछ ऐसी चीजें होती हैं, जिससे गोट्या की जान चली जाती है. कहा जाता है कि अगर किसी लड़के की मौत जनेऊ संस्कार के 10 के अंदर हो जाए, तो किसी पेड़ के नीचे उसकी अस्थियों को गाड़ दिया जाता है और उसकी आत्मा को पेड़ से बांध दिया जाता है. नहीं तो लड़के की आत्मा ब्रह्मराक्षस बन जाती है, जिसे मुंजा कहते हैं. ये ब्रह्मराक्षस उस परिवार के आगे के वंश के लोगों को दिखाई भी देता है. सालों बाद पुणे में रहने वाले बिट्टू (अभय वर्मा) को आप देखते हैं. सीधा-साधा, भोला-भाला बिट्टू यूएस से कॉस्मेटोलॉजी पढ़ना चाहता है. अपनी पंजाबी मां पम्मी (मोना सिंह) के साथ वो उनके पार्लर में साथ बंटाता है. बिट्टू और उसकी मां के साथ उसकी अज्जी यानी दादी (सुहास जोशी) भी रहती हैं. दादी और मां ने दुलार से बिट्टू को बड़ा किया है, लेकिन उसके पिता के बारे में




उसे कुछ नहीं पता. वो सुनता रहता है कि उसके पिता ऐसे थे, उसकी ये हरकत उसके पिता जैसी है, वो आदत पिता जैसी है, लेकिन असल में उनके बारे में नहीं जानता और न ही उसे कोई कुछ बताता है. उसकी जिंदगी में है बेला (शरवरी वाघ), जिससे वो बचपन से प्यार करता है. लेकिन कभी बोल नहीं पाया. और उसका दोस्त और कजिन स्पीलवर्ग (तरणजोत सिंह), जो काफी मजेदार लड़का है. एक और अजीब चीज जो बिट्टू के साथ होती है, वो है उसे अचानक से किसी अनजान जगह के विजन दिखना. बिट्टू किसी जंगल को अपने सपनों में देखना है और जब वो वापस होश में आता है तो उसकी सांसें रुकने लगती हैं. ऐसा क्यों है, वो नहीं जानता. लेकिन किस्मत उसे उसके सपनों के राज से जल्द मिलवाने वाली है. इसके बाद उसकी जिंदगी में आएगा तूफान, जिसे संभालना बिट्टू के लिए बड़ी मुश्किल बन जाएगा. एक्टर अभय वर्मा ने बिट्टू के किरदार को काफी अच्छे से निभाया है. बिट्टू के भोलेपन के साथ-साथ उसकी परेशानी, उसका दर्द और उसका प्यार सबकुछ अभय काफी आराम से पर्दे पर उतारते दिख रहे हैं. उनकी मां के रोल में मोना सिंह भी कमाल हैं. मोना का रोल छोटा था, लेकिन उन्होंने उसे अच्छे से निभाया है. शरवरी वाघ, बेला के किरदार में काफी क्यूट लगी हैं. उनकी परफॉरमेंस भी ठीक थी. सुहास जोशी, तरणजोत सिंह, सत्यराज, अजय पुरकर जैसे एक्टर्स को इस फिल्म में सपोर्टिंग कास्ट में देखा गया है. सभी ने अपने काम को बढ़िया तरीके से किया. तरणजोत की कॉमिक टाइमिंग बढ़िया रही. मुंज्या का सीजीआई किरदार भी काफी डरावना है.

'मुंज्या' का स्क्रीनप्ले काफी हद तक वीक है. फिल्म की शुरुआत एक दिलचस्प लोककथा से होती है, लेकिन आज के वक्त में आते-आते कहानी थोड़ी ढीली पड़ने लगती है. बिट्टू और मुंज्या के मिलने का तरीका काफी डरावना है, जिसे देखकर आपके रोंगटे खड़े हो जाते हैं. लेकिन इसके बाद मुंज्या, बिट्टू का जीना मुहाल कर देता है और आपको इरीटेट. इसी के साथ फिल्म का बैकग्राउंड म्यूजिक भी काफी लाउड है. बड़े और डरावने सीन्स को तगड़ा फील देने के लिए ऐसा किया गया होगा, लेकिन आप सीन को एन्जॉय करने से ज्यादा म्यूजिक से अपने कानों को बचाने पर ध्यान देते हैं. फिल्म में ढेर सारे ऐसे सीन्स हैं जो आपको धप्पा करके डराने की कोशिश करते हैं और आपके दिल की धड़कने बढ़ाते हैं.

# क्या आप जानते हैं हेमा मालिनी का पूरा नाम?





हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री हेमा मालिनी एक बार फिर सुर्खियों में हैं। अभिनेत्री से पॉलिटीशियन बनीं हेमा मालिनी ने मथुरा लोकसभा सीट से एक बार फिर जीत दर्ज कराई है। हेमा मालिनी ने 2 लाख 93 हजार 407वोटों के अंतर से जीत हासिल की है। हेमा मालिनी को उनके फैंस के बीच बसंती, ड्रीम गर्ल और हेमा जी जैसे नामों से जाना जाता है। दिग्गज अभिनेत्री के फिल्मी नामों से तो सभी परिचित हैं, लेकिन क्या आप उनका असली नाम जानते हैं ? असली यानी पूरा नाम। आपने स्क्रीन पर हमेशा हेमा मालिनी का नाम हेमा मालिनी ही देखा होगा, लेकिन कागजों पर उनका नाम कुछ और ही है। जी हां, यानी आप अभी तक ड्रीम गर्ल का जो नाम जानते थे, वो आधा-अधूरा था। उनका फुल नाम हेमा मालिनी नहीं है, जिसका खुलासा इलेक्शन कमीशन की हाल ही में जारी विनर्स लिस्ट से होता है। इस लिस्ट में उनका पूरा नाम दिखाया गया है। क्या है हेमा मालिनी का पूरा नाम इलेक्शन कमीशन ने हाल ही में लोकसभा चुनाव नतीजों की लिस्ट जारी की थी, जिसमें हेमा मालिनी का पूरा नाम हेमा मालिनी धर्मेंद्र देओल लिखा था। यानी अभिनेत्री अपने नाम के आगे अपने अभिनेता पति धर्मेंद्र का भी नाम लगाती हैं और इस बात से अभी तक उनके फैंस अनजान थे। एक तरफ जहां हेमा मालिनी अपने नाम के साथ देओल भी इस्तेमाल करती हैं, वहीं खुद धर्मेंद्र अपने नाम के आगे देओल सरनेम नहीं लगाते। दूसरी तरफ अभिनेता का पूरा परिवार यानी उनके बेटे, बेटियां, पोते और पत्नी सभी देओल सरनेम का इस्तेमाल करते हैं। मथुरा लोकसभा सीट से लगाई जीत की हैट्रिक बता दें, हेमा मालिनी ने मथुरा लोकसभा सीट से बीजेपी की टिकट से उम्मीदवार थीं। उन्होंने इस लोकसभा सीट से लगातार तीसरी बार जीत दर्ज कराई है वह भी भारी मतों के अंतर से। इससे एक बात तो साफ होती है कि मथुरा की जनता अभी भी हेमा मालिनी को अपने प्रतिनिधि के तौर पर देखती है। हेमा मालिनी की जीत-हार पर सबकी नजरें टिकी थीं।

# खरीदी प्रभारियों से सूखत शार्टेज की राशि नहीं वसूलने, उप-मुख्यमंत्री से गुहार

## डिप्टी सीएम अरूण साव ने सहकारी समिति कर्मचारियों को दिया समाधान का आश्वासन

राजनांदगांव (दावा)। अविभाजित राजनांदगांव जिले में किसानों से समर्थन मूल्य में बड़ी मात्रा में धान खरीदी की गई। किंतु समय पर धान का उठाव नहीं किए जाने से इसमें आने से शार्टेज आ गया है। उक्त शार्टेज को प्रशासन द्वारा धान खरीदी प्रभारियों से वसूले जाने के लिए उन पर राशि वसूली का तलवार लटका दिया गया है। इससे सहकारी समिति कर्मचारी संघ के लोग बिफरे हुए है और प्रशासन के उक्त फरमान का विरोध करना शुरू कर दिए है।

जिला सहकारी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष ईश्वर श्रीवास ने बताया कि इस सम्बंध में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण साव के समक्ष गुहार लगाई गई है तथा मांग की गई है कि धान सुखत शार्टेज की राशि सहकारी समिति के खरीदी प्रभारियों से न वसूली की जाए। श्रीवास ने बताया कि माननीय डिप्टी सीएम श्री साव ने संघ को तत्सम्बंध में समाधान के आश्वासन दिए है।

### रविवार को मेगा बैठक

सहकारी कर्मचारी संघ के अनुसार प्रदेश के किसानों से 2058 सहकारी समिति के माध्यम से कुल 144 लाख मैट्रिक टन धान खरीदा गया लेकिन खरीदी के चार महिने के बाद भी लगभग 19-20 जिलों में 7 लाख 61 हजार क्विंटल धान का उठाव नहीं हुआ है। आज भी वह धान खुले आसमान के नीचे पड़े हुए है। संघ द्वारा बताया गया कि समितियां घाटे में चल रही है। छ.ग. शासन यदि धान खरीदी अनुबंध नीति में सुधार करती तो इस तरह की समस्या उत्पन्न नहीं होती लिहाजा प्रदेश सहकारी कर्मचारी संघ रविवार को रायपुर में मेगा बैठक का आयोजन कर आगे की रणनीति पर चर्चा करने जा रहा है। संघ के प्रदेश महा सचिव श्रीवास ने बताया कि उप मुख्यमंत्री से गुहार लगाए जाने के उपरांत पंजीयक को वेतन बढ़ोतरी पर कार्रवाई करने तथा समिति कर्मचारियों को बैंक में सभी खाली पदों पर भर्ती प्रक्रिया थी शीघ्र प्रारंभ करने व मार्कफेड एमडी को धान शीघ्र ही समितियां से उठाने के आदेश दिए है। उन्होंने बताया कि उप मुख्यमंत्री से भेट के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष आरिफ खान (मोहला) जिलाध्यक्ष भाई लाल देवांगन व संघ के अन्य लोगों की उपस्थिति में धान सूखत पर प्रबंधकों के विरूद्ध एफआईआर पर तत्काल रोक लगाने की बात रखी गई।

वही रायपुर जिला सहकारी बैंक के सीएमओ श्री व्यास को धान उठाव में तेजी लाने के लिए मांग पत्र सौंपा गया। बताया गया कि रविवार को रायपुर में आयोजित मेगा बैठक में महासंघ द्वारा आगे की रणनीति बनाई जाएगी। संभव है कि उक्त सम्बंध में महासंघ का प्रतिनिधि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भी मिले। बहरहाल उप-मुख्यमंत्री से धान सूखत के कारण शार्टेज की राशि समिति प्रभारियों से नहीं करने व इनके खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं कराए जाने की मांग की गई है। अब देखना यह है कि सहकारी कर्मचारी महासंघ की रविवार को आगे की क्या रणनीति बनती है।

### अभी तक नहीं हुए उठाव

सहकारी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष ईश्वर श्रीवास ने बताया कि राजनांदगांव जिले में खरीदी की गई धान का जल्द ही उठाव हो जाने से यहां सूखत की समस्या नहीं रही। लेकिन मोहला, बालोद जिले में अब तक धान का उठाव नहीं हो सका। इसी तरह मुगेली, बलरामपुर, सूरजपुर बस्तर जिले में धान का उठाव नहीं हो पाया है। सामने बारिश है और विभागीय अफसरों की लापरवाही के चलते धान उठाव की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। श्रीवास का कहना है कि इन लापरवाह अधिकारियों की करतूत की खामियाजा सहकारी समिति के कर्मचारी क्यों भुगते? जबकि समिति प्रबंधकों द्वारा शुरू से ही अधिकारियों से पत्राचार कर धान उठाव में तेजी लाने की मांग की जाती रही है। सहकारी कर्मचारी महासंघ निरतंर शासन प्रशासन अधिकारी मंत्री गणों से धान उठाव की मांग करता रहा। इसके बावजूद मानपुर-मोहला सहित और भी कुछ जिला कलेक्टरों द्वारा शून्य शार्टेज लाने का दबाव प्रबंधकों पर बनाया जा रहा है और सूखत शार्टेज की राशि खरीदी प्रभारियों से वसूलने के फरमान भेजे जा रहे है। इससे कर्मचारियों में हड़कम्प भी स्थिति निर्मित हो गई है। उन्होंने बताया कि इसके चलते राजनांदगांव के एक जिला प्रबंधक ने विगत दिनों आत्महत्या कर ली।

**कल रविवार को पूरे प्रदेश भर में सहकारी समिति कर्मचारियों की मेगा बैठक... बनेगी रणनीति**

# मोहारा बस्ती में पानी नहीं... वार्डवासियों ने निगम में बोला धावा



**राजनांदगांव (दावा)। शहर से लगे मोहारा वार्ड नं. 47 के नलों में पानी नहीं आने से वहां पानी के लिए त्राहि-त्राहि मची हुई है। भीषण गर्मी के दिनों में पानी के लिए तरस रहे लोगों ने शुक्रवार का वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अवधेश प्रजापति के नेतृत्व में शहर आकर नगर निगम में धावा बोला और कमिश्नर श्री गुप्ता से मिलकर अपनी परेशानी बताते हुए शीघ्र ही नलों में जलापूर्ति किए जाने की मांग की।**

पूर्व पार्षद वर्तमान सरिता प्रजापति के पति एवं पार्षद प्रतिनिधि अवधेश प्रजापति ने बताया कि निकट ही शहर की जीवनदायनी शिवनाथ नदी बहने के बाद भी मोहारा वासियों को पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। यह जल बीच मीन पियासी की तरह चरितार्थ हो रहा है। प्रजापति ने बताया कि मोहारा वार्ड के दुर्गा मंच चौक के आसपास जितनी भी गलियां है वही के नलों में एक बूंद भी पानी नहीं आ रहा। खास कर के बस्ती के उपर साइड निर्मलकर गली, कोतवाली गली, केंवट पारा, ब्राहमण पारा सहित अन्य गलियों के नलों में पानी नहीं आ रहा जबकि राईस मिल रोड की बस्तियों में पानी आ रहा है।

उपर की बस्तियों में पानी आपूर्ति नहीं होने से निस्तारी से लेकर पेयजल समस्या से जूझ रहे वार्डवासियों को भीषण गर्मी में नगर निगम तक आकर पानी के लिए कमिश्नर से फरियाद करनी पड़ी। मोहारा वार्ड की महिलाएं ठगिया प्रजापति, पूर्णिमा निषाद, मोंगरा निषाद, विजय लक्ष्मी यादव, राजकली आदि ने बताया कि भीषण गर्मी में उन्हें पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। पार्षद प्रतिनिधि अवधेश प्रजापति ने बताया कि वार्ड में पानी की समस्या से अवगत होकर आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने शीघ्र ही नलों में जलापूर्ति समस्या का समाधान किए जाने की बात कही है।

# रेल्वे स्टेशन स्थित गुड्सशेड पेड़ को काटकर लकड़ी चोरी करने वाले सपड़ाए



राजनांदगांव (दावा)। पर्यावरण दिवस के ही दिन रेल्वे स्टेशन स्थित गुडसशेड से पेड़ को काटकर लकड़ी चोरी करने वाले 4 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

बताया जाता है कि 5 जून की रात 8.30 बजे सूचना मिली की कुछ व्यक्तियों के द्वारा गुड्सशेड से रेल्वे की सम्पत्ति चोरी कर लेजा रहे है। रेल्वे सुरक्षा बल की पोस्ट प्रभारी निरीक्षक तरूणा साहू के द्वारा तत्काल मौके पर जाकर अपने स्टाफ के साथ रेल्वे स्टेशन गुड्सशेड के नागपुर एडं साइड में चेक किया तो पाया कि 4 लोग सफेद रंग के टाटा कम्पनी ट्रक क्रं. सीजी 04 डीएम 4547 में रेल्वे क्षेत्र के पेड़ो की कटी हुई लकड़ी लोड कर रहे थे। पुछताछ किए जाने पर आरोपियों ने अपना नाम अजीत बाघ पिता इन्द्राबांध (29 वर्ष) निवासी टेड़ेसरा (सोमनी) बताया गया। उनके साथ छगन कुमार साहू, अनिल कुमार साहू एवं जगनु साहू भी सहयोगी रहे। अजीत बाघ द्वारा बताया कि ट्रक का मालिक वह खुद है वह लकड़ियों के गुठके बनाकर बेचने का काम करता है। उसके पास उक्त लकड़ी ले जाने के सम्बंध में कोई वैद्य दस्तावेज या रसीद नहीं था। उक्त लकड़ियां रेल्वे की सम्पत्ति होना पाकर उनके कब्जे में रहे टाटा वाहन में लोड लकड़िया जब्त की गई वही साथ रखे स्वचलित लकड़ी काटने की पेण्ट्रोल मशीन को उपस्थित गवाहो के समक्ष जप्ती पत्र बना कर जब्त किया गया। आरोपियां के खिलाफ धारा-3 (अ) रेल सम्पत्ति अवैध कब्जा के तहत अपराध पंजीबद्ध कर रेल्वे न्यायालय रायपुर में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# पंचक की समाप्ति के बाद भी चिपचिपी गर्मी व उमस से राहत नहीं

## मानसून नजदीक... एक्टीव होने लगा बारिश का सिस्टम

राजनांदगांव (दावा)। नौ-दिनों तक खूब तपने वाला नवतपा के बाद पांच दिनों तक नवतपा की तरह पंचक का भी असर रहा। बीच-बाच में हल्की बूंदाबादी व बारिश की स्थिति बनने से चिपचिपी गर्मी व उमस से लोग जूझते रहे। ले-दे कर पंचक भी शुक्रवार को कट गया। इसके बाद भी भारी उमस और पसीने छुटा देने वाली चिपचिपी गर्मी से लोगों को राहत नहीं मिल रही है। मौसम विभाग की माने तो मानसून के 13 जून के आने के पहले बीच-बीच में ऐसी ही हल्की बारिश व बूंदाबादी की स्थिति बनी रहने से उमस का माहौल बना रहेगा।

बता दे कि गुरूवार व शुक्रवार की दोपहर शहर में हल्की बारिश दर्ज की गई वही जिले के अन्य हिस्सों में गरज-चमक के साथ बारिश हुई। इससे रात का मौसम सुहाना हो उठा था लेकिन घरों के अन्दर उमस का माहौल बना रहा। हालांकि हल्की बारिश से इन 3-4 दिनों में 5 डिग्री तापमान नीचे गिरा है। इसके बावजूद पसीने से तरबतर कर देने वाली चिपचिपी गर्मी व उमस में कमी नहीं आई है।



### बारिश का सिस्टम एक्टिव

बताते चले कि मानसून के करीब आते ही बारिश का सिस्टम एक्टिव होने लगा है फिलहाल चार अलग अलग चक्रीय चक्रवाती सिस्टम मजबूत स्थिति में है। जिसके चलते प्रदेश के कई हिस्से में बारिश की स्थिति बन रही है। मौसम विज्ञानी एचपी चन्द्रा ने बताया कि चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण तेलगाना और आसपास के क्षेत्र में समुद्र तल से 1.5 कि.मी. पर स्थित है वही एक कतरनी क्षेत्र औसत समुद्र तल से 4.5 कि.मी. उपर लगभग 16.11 के साथ बना हुआ है।

इससे प्रदेश के एक-दो स्थानों में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है वही कुछ स्थानों में गरज-चमक के साथ आंधी-तूफान भी चल सकते है और वज्रपात भी हो सकती है। वैसे अभी राजनांदगांव का तापमान 40 डिग्री सेन्टीग्रेड बना हुआ है। वही मौसम विभाग की माने तो अधिकतम तापमान 42 डिग्री व न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेन्टीग्रेड के आसपास बनी रहेगी। चिपचिपी गर्मी व उमस का वातावरण बना रहेगा।

# पीएटी व पीव्हीपीटी प्रवेश परीक्षा रविवार 9 जून को

राजनांदगांव 07 जून 2024। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा पीएटी व पीव्हीपीटी प्रवेश परीक्षा 2024 का आयोजन रविवार 9 जून 2024 को सुबह 9 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक एक पालन में आयोजित की गई है। जिला मुख्यालय राजनांदगांव में परीक्षा के आयोजन के लिए कुल 7 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। परीक्षा केन्द्र में परीक्षार्थियों को अपने साथ फोटो युक्त प्रवेश पत्र एवं मूल आईडी प्रूफ साथ लेकर आना अनिवार्य होगा। परीक्षार्थी परीक्षा के 1 दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अवलोकन कर ले।

# रामदरबार चौक में ट्रैफिक सिग्नल हुआ चालू



राजनांदगांव (दावा)। शहर के जी ई रोड स्थित राम दरबार चौक में यातायात विभाग द्वारा ट्रेफिक सिग्नल चालु किया गया। बता दें कि यहां चौक में बहुत पहले से ट्रैफिक सिग्नल लगाया गया था लेकिन बार - बार बिगड़ जाता करता था।

चूंकि यहां पर एफ सी आई गोदाम होने की वजह से यातायात की दृष्टि से यह व्यस्ततम चौक बना हुआ था। जिसके चलते यहां पर आए दिन दुर्घटनाएं होते रहती थी। इसलिए चौक में काफी दिनों से ट्रैफिक सिंगनल लगाए जाने की मांग की जा रही थी। उक्त मांग शुक्रवार 7 जून को जाकर कहीं पूरी हुई। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय खेस, नवरतन कश्यप एवं राघव एडवरटाईजमेंट रायपुर के सहयोग से शहर के रामदरबार चौक में सुगम यातायात संचालन, आम जनता के सुविधा एवं सुरक्षा हेतु नया ट्रैफिक सिग्नल लगाया गया ।

बताया गया कि यातायात संचालन हेतु सिग्नल पाईंटों में प्रातः 09.00 बजे से रात्रि 09.00 बजे तक यातायात बल ड्यूटी में तैनात रहेंगे। शहर में अब नो पार्किंग, तीन सवारी के साथ-साथ रेड सिग्नल जंप पर भी लगातार कार्यवाही होगी। यातायात पुलिस द्वारा की आम लोगो से अपील की गई है कि वे सभी ट्रैफिक सिग्नल का पालन करें, वाहन चलाते समय मोबाईल फोन का उपयोग न करें, दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य लगाये, चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट लगाये, शराब सेवन कर वाहन न चलायें एवं माल वाहन में सवारी न बिठायें। यातायात नियमों का पालन करें एवं सुरक्षित यात्रा करें।

# आरटीओ दफ्तर में महिला कर्मचारी के साथ गाली गलौज... मामला दर्ज


**शिकायत किए जाने पर झूठे मामले में फसाने का आरोप**

राजनांदगांव (दावा)। शहर के एक आरटीओ ऐजेन्ट द्वारा आरटीओ कार्यालय में महिला कर्मचारी के साथ गाली-गलौज किए जाने का मामला सामने आया है। जानने में आया है कि उक्त महिला कर्मचारी अपने साथ हुए कथित गाली-गलौज से क्षुब्ध होकर आरटीओ एजेन्ट के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज कराई है।

इधर शहर के उक्त आरटीओ ऐजेन्ट संजीव अग्रवाल ने आरटीओ कार्यालय की उक्त महिला के साथ हुए कथित रूप से गाली-गलौज को झूठा बतया और कहा कि उन्होंने पूर्व में उक्त महिला कर्मी के खिलाफ मनमानी की थाने में शिकायत की थी। जिसके चलते उसे झूठे आरोप में फंसाकर एफआईआर दर्ज कराई है।

आरटीओ एजेन्ट संजीव अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने पूर्व में तत्सम्बंधित लिखित शिकायत लालबाग थाने में की थी। जिसमें बताया था कि वे कुछ लोगों के साथ गलत व्यवहार करती है। लायसेन्स सम्बंधी कार्य लेकर आने वाले लोगों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं करती। विरोध करने पर उसे झूठे मामले में फंसा देने की धमकी देती है। उन्होंने बताया कि उक्त महिला कर्मी द्वारा की गई शिकायत पूरी तरह झूठी है। उक्त महिला कर्मी का लाइसेन्स स्क्रूटनी सम्बंधी कार्य लेकर जाने वाले लोगों से व्यवहार ठीक नहीं है। अतः उस पर उक्त महिला कर्मी द्वारा झूठे मामले को लेकर एफआईआर दर्ज कराया गया जो कि पूर्णतः गलत व झूठा है।

# पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का राजनांदगांव और खैरागढ़ दौरा रद्द



राजनंदगांव (दावा)। पूर्व मुख्यमंत्री एवं राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी रहे भूपेश बघेल का 08 जून का राजनांदगांव और खैरागढ़ प्रवास स्थगित हो गया है। यह जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने बताया कि श्री बघेल 08 जून को आकस्मिक दिल्ली प्रवास का कार्यक्रम बनने से राजनांदगांव और खैरागढ़ प्रवास का कार्यक्रम रद्द कर दिया गया है।




# जिले के सभी उद्योग एवं एनजीओ अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए पौधरोपण तथा जल संरक्षण की दिशा में करें कार्य - कलेक्टर

**- तेजी से गिरते हुए भू-जल स्तर को देखते हुए हमें सतर्क हो जाना चाहिए**

**- जिला प्रशासन द्वारा मिशन जल रक्षा अंतर्गत जनसहभागिता से किया जायेगा कार्य, प्रियजन की स्मृति में पौधे रोपित करें और उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी लें**



**जिला प्रशासन द्वारा जल संरक्षण की दिशा में व्यापक पैमाने पर किया जा रहा कार्य**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टारेट सभाकक्ष में मिशन जल रक्षा अभियान अंतर्गत जल संरक्षण एवं पौधरोपण के मद्देनजर उद्योग, स्वयं सेवी संस्थाओं तथा कृषि, उद्यानिकी, वन एवं अन्य संबंधित विभागों की संयुक्त बैठक ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि राजनांदगांव जिले में सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड की रिपोर्ट अनुसार 3 ब्लॉक राजनांदगांव, डोंगरगांव एवं डोंगरगढ़ अपने जल स्तर के गंभीरता के स्तर में आ चुके हैं। जिले के 85 प्रतिशत भू-जल का उपयोग अभी तक सिंचाई के लिए किया जा चुका है। जल का इतना अधिक दोहन भविष्य के लिए जल संकट की एक शुरूआत है। समय रहते इसका समाधान नहीं किया गया तो इसके दुष्परिणाम जल संकट के रूप में सामने आएगा। उन्होंने कहा कि जिले के सभी उद्योग अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए पौधरोपण तथा जल संरक्षण की दिशा में कार्य करें। उन्होंने कहा कि ऐसे कई शहर है, जहां नदियों के किनारे सभ्यता विकसित हुई है और लोग जाकर बसे हैं। तेजी से गिरते हुए भू-जल स्तर को देखते हुए हमें सतर्क हो जाना चाहिए, यह एक गंभीर विषय है। आने वाले पीढ़ी के लिए इस दिशा में कार्य करने की जरूरत है। जिला प्रशासन द्वारा मिशन जल रक्षा अंतर्गत जनसहभागिता से यह कार्य करना है। जल संरक्षण के लिए बनाई गई जलीय संरचना को ठीक करने की जरूरत है। उद्योग इस बात पर विशेष ध्यान दें कि जलीय संरचना में दूषित पानी नहीं जाना चाहिए। पौधरोपण के माध्यम से वातावरण के तापमान को कम करने के लिए कार्य करें। हम सभी मिलकर जिले और शहर की बेहतरी के लिए अच्छा कार्य कर सकते हैं।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि ऐसे कई उदाहरण है, जहां पौधरोपण के प्रति लोगों ने प्रतिबद्धता एवं समर्पण के साथ कार्य किया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2003 में सोनहत के श्री वाल्मिकी दुबे ने जागरूकता की अलख जगाकर व्यापक पैमाने पर पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि अपने प्रियजन की स्मृति में पौधे लगाएं और उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी लें। कलेक्टर ने कहा कि पौधे लगाने के साथ ही पौधों की सुरक्षा की समुचित व्यवस्था करने की जरूरत है। ऐसे व्यक्तियों एवं संस्थाओं का चिन्हांकन करें, जिनमें पौधरोपण के लिए कार्य करने का एक जज्बा हो। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण की इस समस्या को दूर करने के लिए पौधरोपण के साथ ही जलीय संरचना को ठीक करने, कम पानी की आवश्यकता वाली फसलों को बढ़ावा देने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि जिले में कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, वन विभाग, मनरेगा के तहत फलदार एवं छायादार पौधे तैयार किए जा रहे हैं। अब तक लगभग पौने दो लाख पौधे विभागों द्वारा तैयार किए गए हैं। इन पौधों को लगाने के लिए भूमि का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वयं सेवी संस्थाओं से कहा कि पौधरोपण के लिए जनसामान्य को प्रोत्साहित करें। बारिश के मौसम के जून के अंत में पौधरोपण करना प्रारंभ कर सकते हैं। उन्होंने रूफ वाटर हार्वेस्टिंग के माध्यम से जल संचयन तथा भू-जल स्तर में बढ़ोत्तरी के लिए कहा। विभिन्न उद्योगों से आए प्रतिनिधि, स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव दिए तथा विचार साझा किए।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि मिनी परकोलेशन टैंक, गोबियन स्ट्रक्चर चेक डैम, सोख्ता गड्ढा जैसे विधियों के माध्यम से जल संरक्षण किया जा रहा है। जिले में जल संरक्षण वृद्धि के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। मनरेगा के श्री फैज मेनन ने प्रजेंटेशन के माध्यम से जल संरक्षण के उपायों के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर उप संचालक कृषि श्री नागेश्वर लाल पाण्डे, सहायक संचालक उद्यानिकी श्री राजेश शर्मा, प्रेस क्लब के संरक्षक श्री सुशील कोठारी, उद्याचल के श्री अशोक मोदी, वृक्ष गंगा ग्रुप के श्री दिलीप कुमार गुप्ता, सनातन धर्म महासभा के श्री संतोष पटाक, जिला तीरंदाजी संघ के श्री कुशल रजक, प्लांट नर्सरी के श्री अनुप, स्कूलों से आए प्रतिनिधि, बड़ी संख्या में एजीओ तथा उद्योगों के प्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।




आवश्यकता है

रात्रिकालिन चौकीदार की आवश्यकता है।

-: संपर्क करें :-
दैनिक दावा
बल्देव बाग, राजनांदगांव
मो. 9300414726

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com